तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 25.4 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 22 जून 2024



शुक्रवार शाम हुई बारिश से पुराना बस स्टैंड चौक पर पानी भर गया। इससे वाहन चालकों को भारी परेशानी हुई।



## खबर संक्षेप

### पुलिस हॉस्पिटल में मल्टी सुपरस्पेशलिटी कैंप आज

**बिलासपुर।** पुलिस विभाग द्वारा चल रहे चेतना अभियान व श्री गोविंद इंस्टीटूयूट आफ लाइफ केयर हास्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में 22 जून को पुलिस लाइन स्थित पुलिस अस्पताल में मल्टी सुपरस्पेशलिटी हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। श्री गोविंद इंस्टीटयूट आफ लाइफ केयर हास्पिटल के डायरेक्टर डा. आरके कश्यप ने बताया कि यह कैंप सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक लगेगा। इसमें ओपीडी बिलकुल फ्री है। इसमें पुलिसकर्मी व उनके परिवार के सदस्य अपनी जांच व इलाज का लाभ ले सकते हैं। इसमें ईसीजी पीएफटी ब्लड टेस्ट सीबीसी, ईएसआर, सेरुअम क्रेटेनाइन, यूरिक, आरबीएस, लिपिड प्रोफाइल, एलएफटी की निःशुल्क जांच होगी। शेष जांच पर 50 प्रतिशत की छूट एवं मेडिसिन पर 20 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। श्री कश्यप ने बताया कि कैंप में छाती रोग, हृदय रोग व इमरजेंसी, पेट एवं लीवर, आर्थो हड्डी रोग, ब्रेन एण्ड स्पाइन, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। शिविर को सफल बनाने के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। डा. कश्यप ने अधिक से अधिक लोगों से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में भर्ती आवेदन 5 जुलाई तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना मस्तूरी अंतर्गत ग्राम किरारी, लावर एवं ओखर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 1-1 रिक्त पद के लिए आवेदन मंगाया गया है। इसी तरह ग्राम आंकडीह, लोहर्सी, सरगवां, जोंधरा, कुकुर्दीकला, बिनौरी, किसान परसदा, पाराघाट एवं बहतरा में आंगनबाड़ी सहायिका के 1-1 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन 5 जुलाई तक कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए एकीकृत बाल विकास परियोजना मस्तूरी से संपर्क कर सकती हैं।

### शनिचरी बाजार में बीच सड़क पर फल मंडी



**बिलासपुर।** शनिचरी बाजार में वाल्मीकि चौक पर बीच सड़क में फल ठेले वाले खड़े रहते हैं। इनकी वजह से दिनभर यहां जाम की स्थिति बनी रहती है। बाजार आने जाने वालों के लिए सड़क पर चलने के लिए जगह तक नहीं रहती। हालात ये हैं कि स्थायी दुकानदार इन ठेले वालों की वजह से परेशान हो रहे हैं। निगम का अमला कभी कभी कार्रवाई करता है, जिसकी वजह से ठेले वाले भी ऐसी कार्रवाई से नहीं डरते।

### रपटा में लग रहा आलू-प्याज का बाजार



**बिलासपुर।** अरपा नदी में बने सबसे पुराने पुल रपटा पर अब आलू-प्याज का ठेला बाजार के रूप में लगने लगा है। ऐसे में अब यहां ग्राहक बीच पुल में ही खड़े होकर सामान खरीद रहे हैं। हालात ये हैं कि पूरे रपटा में एक ओर का रास्ता पूरी तरह बंद हो जाता है, जिसके कारण इस पुल में जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। यहां से गुजरने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं यह पुल भी जर्जर हो चुका है। ऐसे में सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे से लोग परेशान हो रहे हैं।

# रक्षा मंत्रालय से वापस मिलने के बाद भी 287 एकड़ जमीन का नहीं हो सका सीमांकन

## हाईकोर्ट ने कहा- 15 दिन में पूरा करें काम

- नाइट लैंडिंग पर फैसला लेने के लिए मीटिंग करेंगे केन्द्र और राज्य के अधिकारी
- बिना देरी किए दो सप्ताह में राज्य के चीफ सेक्रेटरी की अध्यक्षता में बैठक की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा दाई एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग के मामले में शुक्रवार को एक बार फिर सुनवाई हुई। इसमें बात सामने आई कि रक्षा मंत्रालय की ओर से जो 287 एकड़ जमीन वापस की गई है उसका सीमांकन तीन महीने बाद भी नहीं हो सका है। हाईकोर्ट ने इसे गंभीरता से लिया और राज्य सरकार, राजस्व विभाग और सेना को निर्देश दिया कि तीनों मिलकर 15 दिन में इसका काम पूरा करें। नाइट लैंडिंग के बारे में हाईकोर्ट ने कड़ा निर्देश दिया है। इसमें कहा गया है कि बिना देरी किए दो सप्ताह में राज्य के चीफ सेक्रेटरी की अध्यक्षता में एक बैठक की जाए। इसमें डीजीसीए के अधिकारी, केन्द्री उड्डयन विभाग के अधिकारी और छग विमानन विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। इसमें सभी मिलकर तय करेंगे और अंतिम फैसला लेंगे कि बिलासपुर एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग के लिए डीवीओआर नेविगेशन सिस्टम इंस्टाल किया जाएगा



या सैटेलाइट पर आधारित तकनीक का उपयोग होगा।

दरअसल नाइट लैंडिंग का काम केंद्र और राज्य सरकार के बीच साल भर से अटका हुआ है। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि आखिर क्यों केन्द्र सरकार और डीजीसीए के डायरेक्शन के हिसाब से डीवीओआर नेविगेशन सिस्टम इंस्टाल नहीं किया जा रहा है। राज्य सरकार को मामले में जवाब के लिए दो दिन का समय दिया गया है। ज्ञात हो कि दरअसल छत्तीसगढ़ सरकार सैटेलाइट पर आधारित तकनीक का उपयोग करना चाहती है और इसके लिए केन्द्र सरकार के पास आवेदन किया गया है तो केन्द्र और डीजीसीए डीवीओआर तकनीक के पक्षधर हैं।

### सिस्टम इंस्टाल नहीं होने से नाइट लैंडिंग मामला अटका

याचिका में बहस करते हुए एडवोकेट सुदीप श्रीवास्तव ने कहा कि केन्द्र सरकार यह कह चुकी है कि नाइट लैंडिंग के लिए डीवीओआर नेविगेशन सिस्टम इंस्टाल करना होगा, इसके बाद ही अनुमति मिलेगी। इसके बाद भी राज्य सरकार अपनी जिद्द पर अड़ी है और काम अटका हुआ है। कोर्ट में कहा गया कि एयरक्राफ्ट लाइंग के नियम कानून के मुताबिक जब तक डीजीसीए इस तकनीक के उपयोग की मंजूरी नहीं देगा तब तक बिलासपुर एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग का काम आगे नहीं बढ़ेगा। एडवोकेट की ओर से कहा गया कि सिर्फ एक सिस्टम इंस्टाल नहीं होने के कारण नाइट लैंडिंग का मामला रुका पड़ा है। इससे एयरपोर्ट का विकास नहीं हो पा रहा है।

### सेना की मौजूदगी में नपेगी जमीन

ज्ञात हो कि बिलासा देवी चकरभाठा एयरपोर्ट को 4सी श्रेणी के मापदंड के अनुरूप विकसित करने के लिए जरूरी 287 एकड़ जमीन की वापसी की मंजूरी सेना से मिल गई। सेना के अधिकारियों की मौजूदगी में इसकी नापजोख होनी है। 4 अप्रैल 2024 इस जमीन का सीमांकन अधूरा रह गया था। इसके बाद से टीम में शामिल कोई भी अधिकारी सीमांकन करने नहीं पहुंची। हाईकोर्ट ने इसे 15 दिन में पूरा करने कहा है। मामले की अगली सुनवाई 11 जुलाई को होगी। जस्टिस गौतम भादूड़ी और जस्टिस रजनी दुबे की युगलपीठ ने सभी विभागों को मिलकर काम करने कहा है।




### सीमांकन के बाद 4 सी श्रेणी पर होगा काम

ज्ञात हो कि बिलासपुर एयरपोर्ट को अब 4 सी श्रेणी के मापदंड अनुसार विकसित करने की योजना पर काम हो रहा है। इसके पहले राज्य शासन ने रक्षा मंत्रालय के पास 89 करोड़ 32 लाख रुपए जमा करा दिए थे। राशि जमा करने के बाद रक्षा मंत्रालय से मंजूरी मिलने का इंतजार किया जा रहा था। 287 एकड़ जमीन वापसी की मंजूरी के साथ ही यह इंतजार खत्म हो गया है। अधिकारियों के मुताबिक 4 सी-आईएफआर एयरपोर्ट में रनवे एक्सटेंशन, एटीएस कांपलेक्स, फ्लाइंग ट्रेनिंग आर्गनाइजेशन, एविएशन सिक्योरिटी ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, मेंटेनेंस रिपेयरिंग ओवरहालिंग के लिए किया जाएगा। व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स, होटल एयरो सिटी व्यवसाय, उद्यान आदि भी बनाए जाएंगे। एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए पुलिस क्वार्टर भी बनाए जाएंगे।

# चांटीडीह में चला बुलडोजर



## पहले दिन तोड़े गए 210 मकान 300 परिवार अशोकनगर में शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम ने शुक्रवार को चांटीडीह मेलापारा स्थित स्लम बस्ती में तोड़फोड़ की कार्रवाई की । इस दौरान 210 मकानों को तोड़ा गया और वहां से 300 परिवारों को अशोकनगर स्थित अटल आवास में शिफ्ट किया गया। तोड़फोड़ की कार्रवाई के दौरान वहां काफी हंगामा भी हुआ। हंगामा करने वाले 6 लोगों को पुलिस अपने साथ ले गई।

नगर निगम की टीम आज पूरे दल-बल के साथ चांटीडीह मेलापारा तोड़फोड़ की कार्रवाई करने पहुंची। मेलापारा में बड़ी संख्या में लोग मकान बनाकर लोग रह रहे हैं। इन लोगों को पहले ही जगह खाली करने नोटिस दिया गया था। आज जैसे ही निगम की टीम पहुंची वहां अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में लोग मकान खाली करने लगे। निगम के अतिक्रमण शाखा के कर्मचारी भी मकान खाली करने में उनकी मदद करने लगे। निगम के गाड़ियों में सामान भरकर उन्हें दूसरी जगह शिफ्ट किया गया। इस तरह जैसे-जैसे मकान खाली होते गए, वैसे-वैसे उन मकानों को बुलडोजर से तोड़ा गया। लेकिन इस कार्रवाई को लेकर वहां पर कुछ लोग विरोध करते हुए हंगामा मचाने लगे, जिससे कुछ देर के लिए माहौल गरमा गया। मौके पर उपस्थित पुलिस बल ने स्थिति को संभालते हुए हंगामा मचाने वाले 6 लोगों को अपनी गाड़ी में बिठाकर ले गई। उसके बाद पूरे दिन वहां से परिवारों की शिफ्टि करने और खाली मकानों को तोड़ने की कार्रवाई चलती रही। पहले दिन 210 मकानों को ढहाया गया है और करीब 300 परिवारों को अशोकनगर स्थित आवास में शिफ्ट किया गया। इसके बाद भी 530 मकान बच गए हैं। लोगों को शिफ्ट करने के बाद इन मकानों को तोड़ा जाएगा।



तोड़फोड़ की कार्रवाई के दौरान लोगों ने हंगामा किया। पुलिस ने पकड़ा।



मकान तोड़ने से पहले लोगों को आवास में शिफ्ट किया गया।

### आवास में शिफ्ट कराया गया

चांटीडीह मेलापारा में कच्चे मकानों में रह रहे परिवारों को अशोकनगर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास आबंटित हो चुका है। उसके बाद भी लोग वहां शिफ्ट नहीं हो रहे थे। उन लोगों को जगह खाली करने नोटिस दिया गया था और कई परिवारों को चांटीडीह से अशोकनगर आवास में शिफ्ट कराया गया है।

**- खजांची कुम्हार**
अपर आयुक्त, नगर निगम

### पहले ही हो चुके आवास आबंटित

स्लम एरिया चांटीडीह मेलापारा और आसपास 742 कच्चे मकान हैं, जहां रहने वाले परिवारों को अशोकनगर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने पक्के मकान आबंटित किए गए हैं। लेकिन आवास आबंटन कराकर यहां के लोग शिफ्ट नहीं हुए थे। इनमें से कई परिवार दोनों जगह आवास पर कब्जा बनाए हुए थे।

### तैनात रहा प्रशासन का अमला

आज चांटीडीह मेलापारा में कार्रवाई के दौरान नगर निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, जोन कमिश्नर प्रवीण शर्मा, ईई सुरेश बरूआ, अतिरिक्त तहसीलदार मुकेश देवांगन, पटवारी रूपेश गुरुद्वान, निगम अतिक्रमण शाखा प्रभारी प्रमिल शर्मा, डीएसपी कोतवाली पूजा कुमार, डीएसपी रोशन आहूजा, सीएसपी सरकंडा सिद्धार्थ बघेल, सरकंडा थाना टीआई तोप सिंह, कोनी थाना टीआई नवीन देवांगन सहित पुलिस बल उपस्थित रही।

### परिवारों को दिया गया था नोटिस

नगर निगम द्वारा चांटीडीह मेलापारा के कच्चे मकानों में रहने वाले उन परिवारों को जगह खाली करने पहले कई बार नोटिस दिया गया, जिन्हें अशोकनगर में आवास आबंटित हो गया है। उसके बाद भी उन परिवारों ने जगह खाली नहीं किया था। इस तोड़फोड़ की कार्रवाई के पहले भी नगर निगम ने उन परिवारों को नोटिस जारी किया था।

टेलीग्राम ग्रुप में ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा

# छात्र से 25 लाख की ऑनलाइन ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

टेलीग्राम पर ऑनलाइन ट्रेडिंग कराने के नाम पर छात्र से 7 दिन के भीतर 25 लाख 60 हजार 257 रूपए की ऑनलाइन ठगी हो गई। पीड़ित ने इसकी शिकायत रेंज साइबर थाने में दर्ज कराई है। तोरवा निवासी अभिषेक दास 20 वर्ष चौकसे कॉलेज में कामर्स के छात्र हैं। उनके पिता काजल दास का बुधवारी में आलू प्याज का थोक का व्यापार है। शिकायत दर्ज कराते हुए अभिषेक ने बताया कि 6 जून की शाम 4 बजे उसे एक व्हाट्सएप और टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया, जिसमें उसे ट्रेडिंग करने पर पैसे मिलने की बात कही गई। 7 जून को छात्र ने यूपीआई के माध्यम से 1 लाख 76030 रूपए की ट्रेंडिग की। ट्रेडिंग में गलती होने की बात कहते हुए ठग ने उससे 11 जून को 1 लाख 31040 रूपए डालने कहा। इसके बाद ठग ने क्रेडिट स्कोर कम होने की बात कहकर 3 लाख 20 हजार खाते में डालने कहा। टैक्स सहित अन्य चीजों को लेकर लगातार पैसे लेने के बाद ठग ने 13 जून को छात्र से कहा कि अब तक जो रकम जमा की है, उसका लाभ 5 लाख रूपए और 4 लाख 34 हजार 952 रूपए हो चुका है। इस रकम को जमा करने पर पूरा पैसा वापस आएगा।

### पैसे निकालने 50 प्रतिशत हिस्सा मांगा

ट्रेडिंग के नाम पर ठग ने छात्र से बार-बार ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर कराए। ठग की बातों में आकर छात्र भी पैसे जमा करता गया। इसके बाद जब उसने अपने सारे पैसे निकालने की बात कही, तो ठग ने 50 प्रतिशत हिस्सा देने पर ही पैसा निकलने की बात कही, जिसपर छात्र को ठगी का एहसास हुआ और उसने रेंज स्तरीय साइबर थाने में ऑनलाइन ट्रेडिंग कराने के नाम पर 25 लाख 60 हजार 257 रूपए की ठगी का रिपोर्ट दर्ज कराई।

डीएचओ सहित 5 सदस्यीय टीम बनी

# झोलाछाप डाक्टरों पर जल्द होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में चल रहे अवैध क्लीनिक, नर्सिंग होम्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीएमएचओ ने कार्रवाई करने निर्देश जारी कर दिए हैं। झोला छाप डाक्टरों की लिस्ट बनाने की जिम्मेदारी ब्लॉक लेवल के अधिकारियों को दी गई है। इसके लिए 5 सदस्यों की टीम नियमित तौर पर कार्रवाई पर नजर भी रखेगी। साथ ही हर हफ्ते इसकी रिपोर्ट भी सीएमएचओ कार्यालय भेजने के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत की सामान्य सभा में उठे अवैध क्लीनिक और झोलाछाप डाक्टर पर कार्रवाई की मांग सदस्यों द्वारा की गई थी। शुक्रवार को सीएमएचओ प्रभात श्रीवास्तव ने डीएचओ प्रमोद तिवारी सहित 5 सदस्यों की टीम गठित की। टीम जिले भर में अवैध क्लीनिक, नर्सिंग होम्स, अवैध पैथालैब, सैंपल क्लेक्शन सेंटर की रिपोर्ट सीएमएचओ को देगी। बताया जा रहा है कि मस्तूरी, कोटा, बिल्हा और तखतपुर बीएमओ को क्षेत्र में चल रहे अवैध अस्पतालों पर कड़ी नजर रखने और कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की नई महाप्रबंधक नीनू इटियेरा ने रेलवे की योजनाओं पर की चर्चा

# सुरक्षित ट्रेन परिचालन व बेहतर यात्री सुविधा पहली प्राथमिकता: जीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की नई महाप्रबंधक नीनू इटियेरा ने कहा कि मौसम खराब होने से ट्रेनें लेट होती हैं । कई खण्डों में तीसरी और चौथी लाइन का काम चल रहा है इसलिए ट्रेने रद्द की जा रही हैं। ट्रेनों का इंफ्रास्टक्चर को मजबूत बनाया जा रहा है। हमारी पहली प्राथमिता ट्रेनों का सुरक्षित परिचालन और यात्रियों को बेहतर सुविधा देना है।



शुक्रवार को रेल महाप्रबंधक ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की उपलब्धियों और भविष्य में यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी साझा की। ट्रेनों की लेटलतीफी पर सुश्री एटियेरा ने कहा कि मौसम में बदलाव और मेंटेनेंस की वजह से यात्री ट्रेनें लेट होती है। हाल ही में 80 प्रतिशत ट्रेनों के रद्द होने पर उन्होंने कहा कि रेलवे के कई खंड में तीसरी और चौथी लाइन का काम चल रहा है। ऐसे में काम करने के लिए ही ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यात्री परेशान न हो इसलिए एसेट विश्वसनीयता और रिस्पांस टाइम में सुधार किया जा रहा है।

### यात्री सेवाओं में हो रही बढ़ोतरी

जीएम नीनू इटियेरा ने बताया कि 2023-24 में रेलवे ने महत्वपूर्ण स्टेशनों से 8 जोड़ी नई यात्री सेवाएं शुरू की और 6 जोड़ी ट्रेनों का विस्तार किया। कई ट्रेनों को 16 स्टेशनों पर नए ठहराव दिए हैं। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए 367 से अधिक अतिरिक्त कोच लगाए गए हैं। इस वित्तीय वर्ष में अब तक 32 अतिरिक्त कोच लगाए गए हैं। 2023-24 में 3 ट्रेनों में पारंपरिक आईसीएफ कोच हटाकर सुरक्षित एलएचबी कोच लगा रहे हैं। 15 ट्रेनों में थर्ड एसी इकोनॉमी कोच लगाए गए हैं । पिछले वित्तीय वर्ष में भारत गौरव ट्रेनों के 23 ट्रिप और आस्था स्पेशल ट्रेनों के 11 ट्रिप संचालित किए गए थे।

### 3 हजार से अधिक लोको पायलट्स की भर्ती

ट्रेन हादसे रोकने के संबंध में जीएम ने कहा कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के किसी भी लाइन में अब तक कवच नहीं लगा है। उन्होंने बताया कि नागपुर से झारसुगुड़ा के बीच लाइन में कवच लगना है। इसकी फाइल बोर्ड के पास पहुंच गई है। इसके साथ ही पायलट्स की ओवर टाइम ड्यूटी और नींद में हो रहे हादसे के संबंध में उन्होंने कहा कि लोको पायलट्स के बारे में रेलवे विचार कर रहा है। उन्होंने वर्तमान में 3 हजार से अधिक लोको पायलट्स की भर्ती के बारे में जानकारी दी।

### 143 किलोमीटर नए सेक्शन का काम पूरा

पिछले वित्तीय वर्ष में 143 किलोमीटर नए सेक्शन का काम पूरा किया है, जिसमें बिलासपुर-उसलापुर आरओआर फ्लाईओवर का निर्माण किया गया है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कुल 421 किलोमीटर का लक्ष्य रखा गया है। अगले 9 महीनों में मल्टी-ट्रैकिंग कार्य करेंगे। इसमें तीन बहुत ही महत्वपूर्ण रेलखंड शामिल हैं, जिसमें पहला बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी लाइन, दूसरा अनूपपुर-कटनी तीसरी लाइन और तीसरा राजनांदगांव-नागपुर तीसरी लाइन प्रमुख है। इन कार्यों के पूरा होने से गतिशीलता में काफी सुधार होगा।

### 1800 करोड़ से 47 स्टेशनों का विकास

पिछले वित्तीय वर्ष में 13 फुटओवर ब्रिज और 9 हाई लेवल प्लेटफॉर्म का निर्माण पूरा किया गया। इस वर्ष अब तक 1 एफओबी उपलब्ध कराया गया है। विभिन्न स्टेशनों पर 25 लिफ्ट और 14 एस्केलेटर की सुविधा उपलब्ध है। 4 एस्केलेटर 9 लिफ्ट लगाने का कार्य प्रगति पर है। 204 स्टेशनों के प्लेटफॉर्म पर मुफ्त वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1800 करोड़ से अधिक की लागत से 47 स्टेशनों का विकास किया जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अलावा हमारी रेलवे के 3 स्टेशनों बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग का पुनर्विकास किया जा रहा है।

### माल लदान में वृद्धि

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे राष्ट्र का बड़ा मालवाहक है। यह जोन देश में दूसरा सबसे अधिक माल लदान करने वाला है।वित्तीय वर्ष 2023- 24 में जून ने 236 मिलियन टन माल लदान किया है।10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

### रेलवे ने 2 साल में 3 करोड़ के नशे का सामान जब्त किया

25 स्टेशनों और ट्रेनों के 244 कोचों में 658 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं । रेलवे सुरक्षा बल ने 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' अभियान चलाकर वर्ष 2023 में 275 और 2024 में 126 बच्चों को उनके परिजन से मिलवाया है। 'ऑपरेशन अमानत' के तहत वर्ष 2023 में 2 करोड़ व 2024 में अब तक 99 लाख से अधिक की राशि वापस दिलाई जा चुकी है।

## खबर संक्षेप

### डिप्टी सीएम साव ने डीपी विप्र कॉलेज में किया ग्रंथागार का शुभारंभ




**बिलासपुर।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने 21 जून को डीपी विप्र विधि महाविद्यालय में नवनिर्मित ग्रंथागार का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने प्राचार्य डा. एबी सोनी द्वारा लिखित पुस्तक संविधियों का निर्वचन और ए बुक ऑन लीगल एंड जनरल इंग्लिश तथा डा. प्रमोद शर्मा द्वारा लिखित रोल ऑफ लाइब्रेरीज इन क्वालिटी एकेडमिक रिसर्च का भी विमोचन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक अमर अग्रवाल ने की। विशिष्ट अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला एवं अनुराग शुक्ला रहे। कार्यक्रम को प्राचार्य डा. एबी सोनी, अनुराग शुक्ला ने भी संबोधित किया। विशिष्ट अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला ने ग्रंथालय के लिए 5 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। विधायक श्री अग्रवाल ने महाविद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की तारीफ की। मुख्य अतिथि श्री साव ने छात्र छात्राओं को विधि से संबंधित जानकारी प्रदान की । धन्यवाद ज्ञापन डॉ प्रमोद शर्मा, रविन्द्र, रतीन्द्र उपाध्याय ने किया। इस कार्यक्रम में सुषमा तिवारी, साजी थामस, टी आर पटेल, संतोष ठाकुर, आलोक शर्मा, श्रवण वस्त्रकार, रोहित डहरिया, संजय यादव, मनीष मिश्रा, अखिलेश साहू, पुष्पराज साहू, भूपेंद्र साहू,चंद्रेश, बंजारे आदि का सहयोग रहा।

### गोधू चौक पर बिजली के तारों पर झाड़ियां, हो सकता है बड़ा हादसा



**बिलासपुर।** सिंधी कालोनी वार्ड क्रमांक 20 भक्तकंवर नगर के गोधू चौक पर स्थित ट्रांसफार्मर इन दिनों यहां रहने वाले लोगों के लिए किसी खतरे से कम नहीं है। विद्युत मंडल की लापरवाही से यहां कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ट्रांसफार्मर से आए दिन चिंगारी निकलती है। जो कभी भी भंयकर आग का रूप ले सकती है। गर्मी के दिनों में लोग बिजली बंद होने से काफी परेशान होते रहे। यहां के व्यापारियों का कारोबार घंटों बिजली गुल होने से ठप रहा। नेहरू नगर विद्युत मंडल के अफसरों से इसकी शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान अब तक नहीं हुआ। इससे क्षेत्रवासियों में विभागीय अफसरों के खिलाफ काफी आक्रोश है। गोधू चौक के पास रहने वाले लोगों ने अफसर को ज्ञापन सौंपकर बताया कि इस ट्रांसफार्मर की मरम्मत नहीं होने से आए दिन क्षेत्र की बिजली गुल रहती है। ज्ञापन सौंपने वालों में मोहन मदवानी, राज लालवानी, पंकज मोटवानी, राम लालचंदानी, लक्ष्मी देवी, जतीन चेतानी, रवि बजाज आदि शामिल हैं।

कुलसचिव गौरव शुक्ला ने कनफेडरेशन इंडियन इंडस्ट्री लर्निंग डेलिकेशन के साथ ऑस्ट्रेलिया की यात्रा की

# ऑस्ट्रेलिया के साथ रिसर्च में काम करेगा सीवीआरयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- औद्योगिक आवश्यकताओं और डिमांड का सर्वे किया

डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुल सचिव गौरव शुक्ला ने कनफेडरेशन इंडियन इंडस्ट्री लर्निंग डेलिकेशन के साथ 1 से 9 जून तक ऑस्ट्रेलिया की यात्रा की। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालयों, उच्च शिक्षा संस्थानों, स्किल एजुकेशन एवं रिसर्च सेंटर्स में विजिट किया। उन्होंने मेलबर्न और सिडनी के सभी शिक्षण संस्थाओं, स्किल संस्थाओं, रिसर्च सेंटर के साथ-साथ वहां के उद्योगों की डिमांड एवं उनकी आवश्यकताओं के संबंध में भी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ स्कोप ग्लोबल स्किल यूनिवर्सिटी भोपाल के वाइस चांसलर डा. अभिषेक पंडित भी उनके साथ थे।



आस्ट्रेलिया दौरे पर पहुंचे डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलसचिव के साथ अन्य अतिथि।

### ऑस्ट्रेलिया से हमें बहुत कुछ सीखने की जरूरत



कुल सचिव श्री शुक्ला ने ऑस्ट्रेलिया यात्रा के अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सीखना निरंतर प्रक्रिया है। हम सभी हर दिन सीखते रहते हैं। ऑस्ट्रेलिया से हमें बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि आस्ट्रेलिया रिसर्च के क्षेत्र में भारत से बहुत आगे है। सामाजिक सरोकार के साथ इनोवेशन और अन्य विभिन्न क्षेत्रों में उनके रिसर्च बहुत बेहतर हैं। जिसका लाभ पूरे देश को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि मेलबर्न और सिडनी में 4 दिनों तक उन्होंने विभिन्न शिक्षण संस्थाओं का विजिट किया। सभी विषय विशेषज्ञों से चर्चा की है। मेलबर्न में डिपार्टमेंट ऑफ़ एजुकेशन, गवर्नेंस ऑफ विक्टोरिया से भी विस्तार से चर्चा की। वहीं मेलबर्न विवि, आरएमआईटी, स्विनबर्न विवि, डिकिन विवि, मोनाश विवि,कंगन विवि, विक्टोरिया इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, इंडियन काउंसिल जनरल में भी विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

### विशेष कार्य और शिक्षा संबंधी बातों को किया साझा

कुल सचिव श्री शुक्ला ने बताया कि यात्रा के दौरान सभी ने अपने विशेष कार्य और शिक्षा से संबंधित बातों को हमसे साझा किया। इसके साथ इंफोसिस के कैंपस में एक महत्वपूर्ण उद्योग सबमिट किया गया। जिसमें वहां के उद्योगपतियों और हमारे दल ने आपस में जानकारी साझा की। इसी तरह सिडनी में न्यू साउथ बेल्स स्टेट, डिपार्मेंट आफ एजुकेशन, स्टार्टअप हब, सिडनी विश्वविद्यालय,यूटीएस, ऑफिसर्स मुलाकात भी सार्थक रही।

### औद्योगिक आवश्यकताओं और डिमांड का सर्वे किया

गौरव शुक्ला ने कहा कि डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ कोलेबोरेशन से रिसर्च के क्षेत्र में काम करेगा। साथ ही स्टूडेंट एक्सचेंज और स्किल के क्षेत्र में भी साथ मिलकर काम करेंगे। हमने वहां की औद्योगिक आवश्यकताओं और डिमांड का भी सर्वे किया है। बड़ी संख्या में स्किल्ड युवाओं की आवश्यकता वहां है। हम वहां की जरूरत के हिसाब से कोर्स संचालित करेंगे। जिससे कि यहां के युवाओं को वहां रोजगार प्राप्त हो सके।

### पचरीघाट पर विसर्जन स्थल बनाने की मांग को लेकर दिया धरना




**बिलासपुर।** अरपा मईया भक्तजन समिति के सदस्य विसर्जन स्थल पचरीघाट तोड़कर यहां डेम बनाने से काफी नाराज हैं। प्रशासन के आश्सन के बाद भी विसर्जन स्थल का पुनः निर्माण नहीं करने से आक्रोशित समिति के सदस्यों ने 21 जून को हैप्पी स्ट्रील विसर्जन स्थल पचरीघाट पर धरना प्रदर्शन कर शासन द्वारा दिए गए आश्सासन पर अमल करने की मांग की। समिति के अविनाश बोलर ने बताया कि विसर्जन स्थल पचरीघाटर पिछले 100 साल से अधिक शहर में विसर्जन स्थल का केंद्र बिंदु रहा है। यहां पर विसर्जन स्थल को तोड़कर डेम का निर्माण किया गया है। शासन प्रशासन द्वारा हमें डेम का कार्य पूरा होने के बाद विसर्जन स्थल पुनः निर्माण कराने का आश्वासन दिया गया था। अब चूंकि डेम का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसके बाद भी विसर्जन स्थल का निर्माण नहीं किया जा रहा है। इसकी शिकायत करने के बाद भी आज तक इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जब तक पचरीघाट में विसर्जन स्थल नहीं बना दिया जाता समिति का धरना प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगी।

### बालश्रम की रोकथाम में सहयोग करने कई संगठनों ने दिखाई प्रतिबद्धता



**बिलासपुर।** जिला कार्यालय मंथन सभाकक्ष में श्रम विभाग द्वारा बाल श्रम विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। इसमें बाल श्रम की रोकथाम के लिए उद्योग, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स सहित सभी संगठनों ने प्रशासन को सहयोग करने के लिए प्रतिबद्धता प्रकट की है। सहायक श्रमायुक्त आरके प्रधान के निर्देशन में डीएसपी सीडी लहरे, डीसीपीयू राहुल पवार, उद्योग विभाग से उद्योग अधिकारी, युनिसेफ से रूहाना खान, चाइल्ड लाइन से पुरूषोत्तम पांडे, सीएसजे से भानुप्रिया, सामाजिक कार्यकर्ता बिंदु सिंग कछुवाहा, चैम्बर आफ कामर्स के अध्यक्ष संजय मित्तल, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष सन्नी, विभिन्न उद्योगों के एचआर एवं सीईओ एवं श्रम विभाग के श्रम पदाधिकारी एवं निरीक्षक मौजूद थे। चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री मित्तल ने उद्योग संघ की ओर से आश्वासन दिया गया कि बाल श्रम की रोकथाम में प्रशासन का भरपूर सहयोग करेंगे। बैठक में बाल श्रम के अतिरिक्त बाल भिक्षावृत्ति, बाल-विवाह, बाल तस्करी एवं बच्चों के मौलिक अधिकार जैसे विषयों पर चर्चा की गई।

## गुरु हरगोबिंद साहिब के प्रकाश परब पर सजेगा विशेष दीवान आज

- गुरुद्वारा में भजन-कीर्तन कर संगत को निहाल करेंगे रागी जत्था



**बिलासपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा दयालबंद एवं समूह संगत के सहयोग से स्त्री सत्संग दयालबंद द्वारा धन-धन श्री गुरु हरगोबिंद सिंह साहिब का प्रकाश परब प्यार एवं उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

प्रकाश परब के लिए 22 जून को गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद में विशेष दीवान सजाया जाएगा, जिसमें दिल्ली से जसपाल सिंह, हुजूरी रागी जत्था गुरुद्वारा गुरूसिंघ दयालबंद प्रताप सिंह एवं गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद सभा दयालबंद के हेड ग्रंथी ज्ञानी मान सिंह विशेष रूप से हाजिरी भरेंगे। कार्यक्रम में सुबह के दीवान में 7.30 बजे से 7.50 तक सहज साहब पाठ की समाप्ति होगी। 7. 50 से 8.15 तक हजूरी रागी जत्था गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा दयालबंद प्रताप सिंह, 8.15 से 9.30 बजे तक दिल्ली जसपाल सिंह कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे।

प्रकाश परब के लिए गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद में आज शाम को विशेष दीवान सजाया जाएगा। 7 बजे से 7.30 बजे तक हुजूरी रागी जत्था गुरूसिंघ सभा दयालबंद के प्रताप सिंह, 7.30 से 8 बजे तक हेड ग्रंथी गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद ज्ञानी मान सिंह बडला, 8 बजे से 9.15 तक दिल्ली के जसपाल सिंह कीर्तन राही समूह साध संगत को निहाल करेंगे । कार्यक्रम समाप्ति के बाद समूह साध संगत में गुरु का अटूट लंगर वरताया जाएगा।

## एसईसीएल के अफसरों ने साफ सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

- एसईसीएल 30 जून तक मनाएंगा स्वच्छता पखवाड़ा, होंगे विविध आयोजन



**बिलासपुर।** एसईसीएल में 16 जून से 30 जून तक "विशेष स्वच्छता पखवाड़ा" का आयोजन किया जा रहा है। 21 जून को एसईसीएल प्रांगण में निदेशक तकनीकी (संचालन) एसएन कापरी, निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास ने साफ़-सफाई की।

वसंत विहार डिस्पेंसरी एवं इंदिरा विहार डिस्पेंसरी में भी कर्मियों दवारा साफ़-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। ज्ञात हो कि स्वच्छता की इस निरंतरता को जारी रखने 22 व 23 जून को सभी क्षेत्रों के हास्पिटल व डिस्पेंसरी, स्कूलों, आवासीय परिसरों में स्वच्छता रखने प्रेरित किया जाएगा। 24 जून को मुख्यालय व सभी क्षेत्रों के टायलेट, सुलभ काम्प्लेक्स, पानी टंकियों, सिवेज ट्रीटमेंट प्लांट में स्वच्छता की जाएगी। 25 जून को सभी क्षेत्रों के स्कूलों एवं कालेजों के विद्यार्थियों के लिए स्वच्छता अभियान विषयक निबंध, चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिता होगी। 26 जून को 3 परिधीय ग्रामों में स्वच्छ पानी एवं जल निकायों की सफाई करने जागरूक किया जाएगा। 27 एवं 28 जून को रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं वेस्ट वाटर रिसाईक्लिंग एवं ठोस एवं गीले कचरों के पृथक्करण करने प्रोत्साहित किया जाएगा। 29 व 30 जून को परिधीय ग्रामों में पौधरोपण व 30 जून को स्वच्छता जागरूकता पखवाड़ा का समापन होगा। आयोजन को लेकर एसईसीएल के अफसरों में काफी उत्साह है।




बिलासपुर, शनिवार 22 जून 2024

हरिभूमि लाइव





## दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बहतराई इंडोर स्टेडियम में किया गया सामूहिक योगाभ्यास

बिलासपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शहर के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों सहित संस्थाओं में योग दिवस मनाया गया। सभी ने नियमित योग करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर योग गुरुओं ने कहा कि योग ही एक ऐसी विधि है, जिससे न सिर्फ शरीर को लाभ मिलता है। बल्कि मानसिक तनाव भी दूर होता है। योग ने बड़े-बड़े रोग तक खत्म कर दिए। योगाभ्यास को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।

# योग में हैं सारे समाधान, इसे अपने जीवन में शामिल करें

### जीवन को सही दिशा देने योग जरूरी



योग दिवस पर मुख्य आयोजन बहतराई स्टेडियम में मुख्य अतिथि केंद्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू की मौजूदगी में किया गया। राज्य मंत्री तोखन साहू ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नियमित रूप से योग करने पर शरीर में सकरात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जीवन को सही दिशा देने के लिए योग, ज्ञान एवं ध्यान आवश्यक है। इसके माध्यम से जीवन को संतुलित किया जा सकता है। योगासान हमारी शरीर की रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता को बढ़ाते हैं और बीमारियों को दूर करते हैं।

### योग दिवस पर एसईसीएल में योगाभ्यास



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" के अवसर पर देश की प्रमुख कोयला उत्पादक कम्पनी एसईसीएल मुख्यालय वसंत विहार स्थित बसंत क्लब, इंदिरा विहार स्थित प्रियदर्शिनी क्लब में योगाभ्यास किया गया। अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डा. प्रेम सागर मिश्रा, श्रद्धा महिला मण्डल अध्यक्षा पूनम मिश्रा निदेशक तकनीकी, एस.एन. कापरी निदेशक,बिरंची दास ने विभिन्न योग मुद्राओं के जरिए स्वस्थ्य जीवन के लिए योग का संदेश दिया। वसंत विहार स्थित बसंत क्लब एवं इंदिरा विहार स्थित प्रियदर्शिनी भवन में आयोजित योगाभ्यास में सभी अधिकारी ने हिस्सा लिया।

### रेलवे जोन में किया गया योग



10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न स्थानों में योग शिविर व योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। न्यू रेल क्लब ऑडिटोरियम तितली चौक में आयोजित योग शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाप्रबंधक नीनु इटियेरा ने किया। इसके बाद योग शिक्षक एलपी नायक के मार्गदर्शन में महाप्रबंधक नीनु इटियेरा, अपर महाप्रबंधक, सभी विभागाध्यक्ष, मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर सहित अधिकारियों, कर्मचारियों उनके परिजनों एवं स्कूली बच्चों ने योगाभ्यास किया।

### हाईकोर्ट के जस्टिस ने किया योगाभ्यास



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा के मार्गदर्शन में योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर न्यायमूर्तिगण शामिल हुए। साथ ही रजिस्ट्री व ज्यूडिशियल एकेडमी के न्यायिक अधिकारीगण तथा रजिस्ट्री के अधिकारी व कर्मचारीगण भी योगाभ्यास में सम्मिलित हुए। उच्च न्यायालय सुरक्षाबल के अधिकारियों व जवानों ने भी योगाभ्यास किया। छत्तीसगढ़ योग आयोग से आए हुए प्रशिक्षक दीपक पाण्डेय तथा श्रीमती रश्मि पाण्डेय ने विभिन्न आसनों व प्राणायाम का अभ्यास कराया।

### सीवीआरयू में किया गया योगाभ्यास



डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रवि प्रकाश दुबे सहित प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने योग किया।

### सीएमडी कॉलेज में मना योग दिवस



सीएमडी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं एनसीसी इकाई के संयुक्त तत्वाधान इस अवसर पर कालेज के चेयरमैन संजय दुबे मौजूद थे।

### डीपी विप्र : कर्मों की कुशलता ही योग



डीपी विप्र महाविद्यालय में योग दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंजू शुक्ला ने कहा कि 'योगः कर्मसु कौशलम' योग के द्वारा ही कर्मो में कुशलता प्राप्त होगी।

### सीयू में किया योगाभ्यास



गुरू घासीदास विश्वविद्यालय में दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा किया गया। योग दिवस की थीम स्वयं और समाज के लिए योग रही।

### डीपीएस स्कूल में योगासन की शपथ



डीपीएस में योग दिवस पर शिक्षक नागेश्वर राठौर और शिक्षिका मोनिका के कार्यक्रम संचालन में संस्था के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने किया। प्राचार्य जसपाल सिंह ने योगासन के लाभ बताएं।

### सेंट जेवियर्स स्कूल में किया गया योग



सेंट जेवियर्स व्यापार विहार शाला में वी हेमलता राव व श्यामला के आथित्य में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। शाला के प्राचार्य डॉक्टर बीबी. महाता ने अतिथियों का स्वागत किया।

### ब्रिलएंट पब्लिक स्कूल में मना योग दिवस



व्यापार बिहार स्थित ब्रिलएंट पब्लिक स्कूल में योग दिवस मनाया गया, यह आयोजन सुमन वर्मा व रश्मि घोष के मार्गदर्शन में हुआ। बच्चों को विभिन्न प्राणायम के बारे में जानकारी दी।

### डीएलएस में मनाया गया योग दिवस



डीएलएस महाविद्यालय के योग विज्ञान विभाग व राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विशिष्ट योगाभ्यास का आयोजन हुआ। सीईओ राकेश दीक्षित, डॉ प्रताप पाण्डेय, सुनीता द्विवेदी आदि मौजूद थे।

### अटल विश्वविद्यालय में त्रि दिवसीय योगोत्सव



एयू के योग विज्ञान विभाग तत्वाधान में योगोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. पूजा पांडेय विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग, अध्यक्षता कुलपति एडीएन वाजपेई ने योग किया।

### चौकसे ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस में हुआ योग



चौकसे ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस में योग दिवस मनाया। प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जयसवाल ने एक प्रेरक भाषण के साथ दिन का समापन किया।

### आईएमए द्वारा योग का आयोजन



विश्व योग दिवस के कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त रूप से विवेकानन्द केन्द्र, महाराष्ट्र मंडल एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा पारिजात कालोनी में किया गया।

### नियमित करें योग, हमेशा रहें निरोग



गौरवपथ स्थित पीएनबी में योग साधना की गई। उपमंडल प्रमुख दिव्य रंजन नायक, पीएलपी प्रमुख सौभाग्य बारीक, मुख्य प्रबंधक राजेश कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक ललित अग्रवाल मौजूद रहे।

### छठ घाट में कराया गया योगाभ्यास



छठ घाट में योगाभ्यास के कार्यक्रम का आयोजन पार्षद संध्या तिवारी के मुख्य आतिथ्य व अध्यक्ष पाटलीपुत्र संस्कृति विकास मंच धमेन्द्र दास की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

### आर्ट ऑफ लिविंग का योग शिविर



आर्ट ऑफ लिविंग परिवार द्वारा विभिन्न स्थानों में योग के कार्यक्रमों का आयोजन किया। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की ओर से योग प्रशिक्षक रश्मि पांडेय व दीपक पाण्डेय उपस्थित थे।

### संजू बाबा टाइगर ग्रुप ने किया योग



कंपनी गार्डन संजू बाबा टाइगर ग्रुप ने योग दिवस मनाया। इस मौके पर अनंत तवरकर, मोनू शराफ, अभिनव तिवारी, अमित राय, कमल सिंह, फयाज भाई, राजा जायसवाल आदि मौजूद थे।

### संत निरंकारी मिशन ने मनाया योग दिवस



संत निरंकारी मण्डल के सचिव प्रभारी जोगिन्दर सुखीजा ने जानकारी दी कि 2015 से ही संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा द्वारा 'योग दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है।

### नेहरूनगर मित्र मंडल ने किया योग



अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग गुरु केआर दीक्षित एवं शुभांगी प्रीति गुप्ता के निर्देश पर मित्र मंडल नेहरू नगर एवं आरएसएस के सदस्यों ने संयुक्त रूप से योगाभ्यास किया।

### भारत देश प्राचीन योग का स्वामी है



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन संचालिका बीके स्वाति दीदी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व बताया।

### महर्षि कालेज में योग शिविर का आयोजन



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ़ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी में कुलपति कर्नल प्रोफेसर टी.पी.एस.कान्द्रा के मार्गदर्शन में योग शिविर का आयोजन किया गया।

### कृषि कालेज में किया गया योग



योग द्वारा हम महिला सशक्तिकरण के लक्ष्य को प्रबंधित ढंग से प्राप्त कर सकते हैं। उक्त बातें ठा. बै. कृषि कालेज के प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. एनके. चौरे ने योग दिवस पर कार्यक्रम में कही।

21-JUN-REGNOL--pg-5-COMMON_Layout 1 6/22/2024 12:51 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### पाली में स्नान यात्रा के साथ रथ यात्रा की तैयारी

**लोरमी।** ग्राम पाली पालेश्वरनाथ मंदिर प्रांगण में आयोजित भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, माता सुभद्रा के रथ यात्रा की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। आश्रम मंदिर प्रांगण में 21 जून को भीतरा चंदन यात्रा, 22 जून को स्नान यात्रा, 7 जुलाई को जगन्नाथ यात्रा, 16 जुलाई को बहुरा यात्रा करेंगे। इस अवसर पर भंडारा 22 जून को, स्नान यात्रा, भंडारा दोपहर 12 बजे से 2:30 तक, 7 जुलाई को रथ यात्रा पश्चात भंडारा रात्रि 8 बजे, 16 जुलाई को बहुरा यात्रा पश्चात भंडारा रात्रि 8 बजे आयोजित होगी।

### वर्षा ऋतु में सांप, बिच्छू से बचाव के संबंध में कार्यशाला



**लोरमी।** ग्राम शिवतराई इंटरप्रिटेशन सेंटर में एटीआर प्रबंधन द्वारा मैदानी अम्लों के लिए वर्षा ऋतु में सांप, बिच्छू से बचाव एवं प्राथमिक उपचार के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त प्रबंधन में जेएसएस गनियारी के विशेषज्ञों द्वारा सांप, बिच्छू से बचाव के उपाय को प्रस्तुत किया गया। वर्षा ऋतु के दौरान एटीआर कोर, बफर अन्तर्गत स्तिथ पेट्रोलिंग कैम्प में रहने हेतु एवं एटीआर अन्तर्गत स्थित गांव में भी सर्पदंश के स्थिति में प्राथमिक उपचार देने हेतु उक्त प्रशिक्षण स्टाफ को मदद करेंगे।

### मांगों को लेकर स्वास्थ्य कर्मचारी हड़ताल पर



**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए। आंदोलन के चरण में 18 से 20 तक समस्त आनलाइन रिपोटिंग का बहिष्कार किया जा रहा है। मांग पूरी नहीं होने पर 21 जून से काम बंद करने की चेतावनी दी है। इस अवसर पर प्रफुल पाल प्रांतीय अध्यक्ष, सोहन कुम्भकर प्रांतीय कोषाध्यक्ष, अमित कौशिक प्रांतीय सूचना अधिकारी छत्तीसगढ़ प्रदेश सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ ब्लॉक अध्यक्ष साधना चंद्र, लक्ष्मी भोई, इंद्रजीत सकत, पूजा साहू, परमेश साहू, सिद्धि थैवाइट मौजूद रहे।

### चाकूबाजी करने वालों को पुलिस ने भेजा जेल



**लोरमी।** नगर में चाकूबाजी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। मामले में पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर मामला पंजीबद्ध कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार 15 जून को प्रार्थी मनोज सोनी 36 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि शाम 7:15 बजे संदीप पाण्डेय के यहां कंकालीनपारा बिजली सुधार कार्य हेतु गया था। तभी कंकालीनपारा का नीरज कश्यप व साथी वहां पर आए और तुम प्रदीप दुबे के प्रकरण में गवाही दिए हो कहकर गालियां देते हुए सभी हाथ मुक्का व लात व धारदार वस्तु से मारा। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस द्वारा कर्रावाई करते हुए आरोपी नीरज कश्यप 19 वर्ष पिता रजाकुमार कश्यप, पवन कुम्भकार 21 वर्ष पिता विनोद कुम्भकार को हिरासत में लेकर घटना में प्रयुक्त एक बटनदार चाकू जब्त किया गया।

## निधन

### गंगा ठाकुर



**बिलासपुर।** चिंगराजपारा निवासी गंगा ठाकुर का निधन हो गया। वे 86 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार शनिचरी मुक्तिधाम में किया गया। वे हरीश ठाकुर की माता थीं।

### पहाड़ों पर चलकर पहुंचते हैं दुकान पर नहीं मिलता है राशन

# राशन के लिए भटक रहे धनुहार समुदाय के लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

जिले में लगातार राशन दुकान में राशन नहीं मिलने के मामले सामने आ रहे हैं। कहीं राशन दुकान में राशन स्टॉक नहीं होता तो कहीं दुकान संचालक द्वारा राशन की हेराफेरी इसका मुख्य कारण बताया जा रहा है।

■ मुनादी नहीं होने से ग्रामीणों को इसकी जानकारी भी नहीं मिल पाती।

ऐसा ही एक मामला मरवाही विकासखंड की नाका ग्राम पंचायत में सामने आई है। यह गांव चारों ओर जंगलों से घिरा हुआ है। जंगलों में रहने वाले धनवार समुदाय के लोग ग्राम मुख्यालय से लगभग चार-पांच किलोमीटर की दूरी पर रहते हैं। इस गांव का क्षेत्रफल लगभग 15 किलोमीटर का है जहां एक ही राशन दुकान में दूर-दूर से लोग आते हैं। इतनी दूर आने के बाद भी इन्हें राशन नहीं मिलने का मामला सामने आया है। ग्रामीण आरोप लगा रहे हैं कि लगातार 2 से 3 महीने हो गए उन्हें अब तक चावल नहीं दिया गया है। कभी राशन दुकान बंद रहती है, तो कभी दुकान में चावल नहीं रहता। आरोप है कि राशन दुकान को भी असमय खोला जाता है और मुनादी नहीं होने से ग्रामीणों को इसकी जानकारी भी नहीं मिल पाती। हितग्राहियों का कहना है कुछ के कार्ड में राशन चढ़ा दिया गया लेकिन राशन नहीं दिया गया है। वहीं कुछ को तो राशन कार्ड की केवाईसी नहीं होने की वजह से राशन कार्ड बंद बता दिया गया है, जबकि सरकार का निर्देश है कि केवाईसी नहीं है तो करवाएं, पर किसी का राशन देना बंद न करें।



राशन के लिए खड़े धनुहार समुदाय लोग।

**की जाएगी व्यवस्था**

मामले की जानकारी मिली है। इस विषय पर जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। लोगों को जल्द से जल्द राशन प्राप्त हो इसकी व्यवस्था की जाएगी।

-श्वेता अग्रवाल, जिला खाद्य अधिकारी, जीपीएम

**बिना चावल के तीन महीने से गुजारा**

बुजुर्ग महिलाओं ने बताया वे बिना चावल के तीन महीने से गुजारा कर रहे है। कोदो कुटकी खाते हैं, तो कभी घर का सामान बेचकर राशन लाते हैं। पिछले 6 दिनों से चावल के लिए भटक रहे हैं। चप्पल भी टूट गया अब खाली पैर आना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच कई किलोमीटर पहाड़ों पर चलकर ग्रामीण चावल व अन्य राशन लेने लोग आते हैं और पिछले कई महीनों से खाली हाथ वापस भी हो जाते हैं( ऐसे में ग्रामीण लगातार राशन दुकान संचालन करने वाले समूह को हटाने की मांग कर रहे हैं, ताकि इन्हें इनके हिस्से का राशन सही समय पर मिल सके।

### आर्थिक तंगी से जूझ रहे लकवाग्रस्त किसान को नहीं मिल रहा योजनाओं का लाभ



**मस्तूरी।** सड़क हादसे में लकवाग्रस्त हुए किसान को केंद्र की योजना का लाभ नहीं पा रहा है। आर्थिक तंगी से जूझ रहे किसान ने प्रशासन से कई बार गुहार लगाई पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। बहरहाल किसान गरीबी की हालत में बिस्तर पर जीवन यापन करने को मजबूर है। सीपत निवासी सुजान सिंह का 13 वर्ष पूर्व हुए एक सड़क दुर्घटना के चलते कमर के नीचे का हिस्सा लकवाग्रस्त हो गया है। तब से आज तक बिस्तर में जिंदगी काटने मजबूर हैं। परिवार का एकमात्र कमाने वाले सुजान सिंह की इस स्थिति के कारण आर्थिक हालात कमजोर होते गए और अब उनको किसान होने का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। उनका कहना है कि केंद्र सरकार किसान हितैषी योजना किसान सम्मान निधि समान रूप से सभी हितग्राहियों को दे रही है परंतु कुछ किसान ऐसे भी हैं जो सरकारी तकनीकी सिस्टम की वजह से परेशान हैं। विगत 2 वर्षों से पीड़ति व्यक्ति सुजान सिंह (दिव्यांग) के खाते में किसान सम्मान निधि की राशि नहीं आई है। इस संबंध में एसडीएम मस्तूरी व बिलासपुर कलेक्टर को जनदर्शन में 5 अगस्त को लिखित आवेदन लिखकर दिया गया था उसके बाद भी आज तक पीड़ति दर - दर की ठोकर खा रहा है।



एटीआर में स्थल निरीक्षण करते अफसर।

## बारिश से पहले पुल, पुलिया को दुरुस्त करने में जुटे अधिकारी, कर्मचारी

**लोरमी।** एटीआर के अंदर के गांव जो पहले बरसात में मनियारी नदी में बाढ़ या जलभराव के कारण पहुंच विहीन हो जाते थे। वे सभी मुख्य मार्ग से जुड़े और पेट्रोलिंग व अन्य गतिविधि वर्षाऋतु के समय भी बाधा रहित हो। इस दिशा में एटीआर प्रबंधन ने अपना नया पहल और प्रयास जारी किया हैं।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव की मंशा अनुरूप सीसीएफ मनोज पांडे, डिप्टी डायरेक्टर एटीआर यूआर गणेश के निर्देशन में ब्रिज बनाने हेतु निरीक्षण किया गया। यह कार्य आईआईटी रुड़की के इंजिनियर दत्तार सिंह औलख, सहायक संचालक संजय लूथर, परिक्षेत्र अधिकारी विक्रांत कुमार की उपस्थिति में किया गया। एटीआर के अंदर मुख्य रूप से चार ऐसे स्थान है जहां बरसात के दिनों में नदी में बाढ़/जलभराव के कारण मार्ग पूर्णतः अवरुद्ध हो जाता है। जिसमें कटामी से बम्हनी के बीच, बम्हनी से निवासखार के बीच और महामाई से जकड़बांधा के बीच व निवासखार से राजक के बीच कसनई नाला में जो मनियारी की सहायक नदी है। इन चार स्थानों में अधिक जलभराव के कारण मार्ग पूर्णतः अवरुद्ध हो जाता है। इन चारों स्थानों में ब्रिज बन जाने से एटीआर के अंदर स्थित सभी गांव पूर्णतः सभी मौसम में कनेक्ट हो जाएंगे। प्रबंधन द्वारा इसका डीपीआर तैयार कर शासन को विधिवत अनुमति हेतु प्रेषित किया जाएगा। ताकि जल्द से जल इस समस्या का समाधान हो सके ।

## मंत्री तोखन पहुंचे बेलतरा, कार्यकर्ताओं का किया अभिनंदन

**बेलतरा।** केन्द्रीय राज्य मंत्री का दायित्व मिलने के बाद पहली बार विधानसभा बेलतरा पहुंचे। मंत्री तोखन साहू का बेलतरा शहर क्षेत्र के चौक चौराहों पर भव्य स्वागत किया गया। बिलासपुर विधायक लोकसभा कलस्टर प्रभारी अमर अग्रवाल, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कार्यकर्ताओं का अभिनन्दन किया।

बिलासपुर सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू अपने पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप बेलतरा विधानसभा अन्तर्गत होने वाले कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में भाग लेने बसंत विहार कालोनी के रविन्द्र भवन सभागार पहुंचे। उनके साथ लोकसाभा कलस्टर प्रभारी विधायक अमर अग्रवाल शामिल हुए। बेलतारा विधायक सुशांत शुक्ला की अगुवाई में विधानसभा क्षेत्र के बूथ, मण्डल के कार्यक्रताओं द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों और चौक चौराहों पर ढोल बाजों के साथ आतिशी स्वागत किया गया। विधायक सुशांत ने कार्यकर्ताओं को भगवा अंगवस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि बिलासपुर लोकसभा के देवतुल्य कार्यक्रताओं ने एक छोटे से कार्यकर्ता को सांसद बनाया। आपकी ही प्रेरणा और आशीर्वाद से केंद्र में मंत्री पद का दायित्व मिला। आने वाले समय में आपकी अपेक्षाओं पर खरा उतरना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। इस मौके पर श्री साहू ने कहा 45, 46 डिग्री गर्मी के तापमान के बावजूद कार्यकर्ताओं ने समर्पण भाव से कार्य किया और इसका परिणाम यह हुआ कि 30000 से भी अधिक मतों से हमें जीत मिली। इसके लिए मैं सदैव कार्यकर्ताओं का ऋणी रहूंगा। इस मौके पर बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव में मिली जीत कार्यकर्ताओं की जीत है। बिलासपुर के कार्यकर्ता सदैव से ही अनुशासित और पार्टी के प्रति प्रतिबद्ध रहे हैं और यही कारण है की कभी कांग्रेस का गढ़ माने जाने वाली इस बिलासपुर लोकसभा में 1996 से लेकर आज पर्यंत तक भाजपा को जीत मिली है। श्री अग्रवाल ने नगरी निकाय चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि अभी तक आप लोगों ने भाजपा के नेताओं को बड़े-बड़े पद दिए। उनके लिए चुनाव में संघर्ष किए। लेकिन आने वाले पंचायतों और नगरी निकाय चुनाव जिसमें हजारों कार्यकताओं को जनप्रतिनिधि बनने का अवसर मिलेगा।

ऐसे चुनाव में इस मंच पर आसीन भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता अब आपको चुनाव जीतने, आपको जनप्रतिनिधि बनाने संघर्ष करेंगे। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि बेलतरा विधानसभा के कार्यकर्ता निश्चित रूप से अत्यंत ही प्रशंसा के योग्य है। उन्होंने कम संसाधन होने के बाद भी विपरीत परिस्थितियों में विधानसभा चुनाव में मुझे एक सम्मानजनक अंतर से विजय दिलाया।



मंत्री तोखन साहू का सम्मान करते समर्थक।

## कौशिक के नेतृत्व में सीएम साय को सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर।** नगर पंचायत बोदरी जिला बिलासपुर को उन्नयन कर नगर पालिका परिषद बनाने व बिल्हा विधानसभा के दस व तखतपुर विधानसभा के चार वार्डों को अलग कर एक नया नगर निगम या नगर पालिका बनाए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि कांग्रेस सरकार के द्वारा जनमानस के विरोध के बावजूद बिल्हा विधानसभा अंतर्गत तिफरा नगर पालिका, सिरगिट्टी नगर पंचायत, ग्राम पंचायत परसदा, तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के सकरी नगर पंचायत, उसलापुर, घुरु, अमेरी ग्राम पंचायत व अन्य 15 ग्राम पंचायतों को शामिल कर नया बिलासपुर नगर निगम बनाया गया। बिल्हा विधानसभा के दस व तखतपुर विधानसभा के चार वार्ड में लगभग सत्तर हजार मतदाता है। जो कि विकास की दृष्टि से उपेक्षित है। इन्हें बिलसपुर नगर निगम में जोंडने के बाद से मात्र टैक्स वसूली हो रही है। इन क्षेत्रों का विकास शून्य है। नगर पंचायत बोदरी जिला बिलासपुर को उन्नयन कर नगर पालिका परिषद बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन में बताया गया कि बिल्हा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत बोदरी में अठ्ठारह वर्ग किमी क्षेत्रफल में फैला है। जिसकी जनसंख्या 25000 से अधिक व.13000 अधिक मतदाता है। यहां उच्च न्यायालय, एयरपोर्ट सहित प्रमुख संस्थान है। जिसे ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत बोदरी को नगर पालिका का दर्जा देने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में विधायक धरमलाल कौशिक, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र सवन्नी, कृष्ण कुमार कौशिक, दिनेश पांडे, सुरेश पंजवानी, अनिला बलेचा, पेगन वर्मा, कुशल पांडे, दीपक वर्मा, लक्ष्मीनरायण मरावी, लव श्रीवास, राजेश त्रिवेदी, बलराम देवांगन, मनोज दुबे, सुदंर सिंह, सुशील छाबड़ा, हरिश साहू, श्यामलाल बंजारे, भृगु अवस्थी, रंजीत सिंह सलूजा आदि उपस्थित थे।



## आपका विधायक आपके द्वार के तहत रतनपुर पहुंचे अटल

**रतनपुर।** आपका विधायक आपके द्वार के कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव द्वारा रतनपुर में जन समस्याओं के निवारण हेतु शिविर व भेंट मुलाकात कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विधायक अटल श्रीवास्तव ने सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया जहां मरीजों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर से समस्याओं को जानकर उनके निराकरण हेतु आश्वासन दिया। इसके बाद विभिन्न वार्डों से आए आम जनों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनी तथा कुछ का त्वरित निराकरण भी किया। रतनपुर में हो रहे विद्युतीकरण, पोल विस्तार तथा सड़क निर्माण को लेकर शीतल जायसवाल के नेतृत्व में युवा कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पकान्त कश्यप ने ज्ञापन सौंपा। जिस पर विधायक अटल श्रीवास्तव ने अनुविभागीय अधिकारी कोटा को जल्द ही समस्याओं का निराकरण करने, सभी कार्यों को समय पर पूरा करने निर्देशित किया। उक्त कार्यक्रम में आनंद जायसवाल, मदन कहरा, दामोदर सिंह, सुभाष अग्रवाल, अभिषेक मिश्रा, रियाज़ खोखर, असरफ बेग, राजा रवि रावत, रामगोपाल कहरा, संजय,राकी, सैफ अली, यासीन अली, शिवा पांडेय, साथी, राघवेंद्र दुबे, अजय दुबे कृष्णा कश्यप, शैल जायसवाल, चन्दा बैसवाड़े सहित बड़ी संख्या में रतनपुर के नागरिक उपस्थित रहे।



## सकरी कालेज के सामने पसरी गंदगी




सकरी के कॉलेज और स्कूल के गेट के सामने फैली गंदगी। इसके सामने डिवाइडर में भी तोड़फोड़ करके छोड़ दिया गया है।

### युवा रक्तदान सेवा समिति ने सिकलसेल पेशेंट के लिए उपलब्ध कराया ब्लड

**तखतपुर।** विश्व सिकलसेल दिवस पर सर्व मानव जागृत युवा रक्तदान सेवा समिति के कार्यकर्ता रमेश साहू ने सिकलसेल पेशेंट के लिए ब्लड डोनेट कर 18 महीने के मासूम को नई जिंदगी दी। हॉस्पिटल में एडमिट 18 महीने के मासूम जो सिकलसेल से प्रभावित है उन्हें ब्लड की तत्काल आवश्यकता की सूचना मिलते ही घंटे भर के अंदर ही रमेश साहू ने ब्लड उपलब्ध कराया।




# योग से नई ऊर्जा का होता है संचार, बढ़ती है कार्यक्षमता



**सीपत।** इंटरनेशनल डे ऑफ योगा 2024 थीम के आधार पर सामुदायिक भवन सीपत में सुबह सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा मण्डल सीपत के अध्यक्ष राज्यवर्धन कौशिक, सीपत तहसीलदार सुश्री सिद्धि गवेल, नायब तहासदार देश कुमार कुर्रे, शैक्षिक समन्वयक द्वय प्रमोद कुमार पाण्डेय, श्रीकांत श्रीवास, हिमलेश पाटनवार, रामप्रसाद साहू, शहजादा कुरैशी, सेजेस सीपत से संस्था प्रभारी पवन कुमार पटेल, वरिष्ठ व्याख्याता संतोष सिंह, लोभेराम साहू, सौरभ जायसवाल, केपी कश्यप, संध्या शर्मा, ऋचा तिवारी, अनामिका वर्मा, अर्पिता मण्डल, विनिता शर्मा, श्रेजल उइके, रागिनी पटेल, अनिता शुक्ला, दुर्गा खरे, करूणा गौरहा, सुमन मरकाम, दीपक देवांगन, राजेन्द्र कुमार देवांगन, श्रीमती सत्यवती कश्यप, विरेन्द्र कौशिक सहित सीपत संकुल के अधीनस्थ समस्त शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

इस दौरान तहसीलदार सुश्री सिद्धि गबेल ने कहा कि योग से नई शक्ति का संचार होता है एवं कार्य करने की क्षमता बढ़ती है। जीवन को सही दिशा देने योग ज्ञान एवं ध्यान जरुरी है। योग हमें जीवन जीने की कला सीखाता है। आप सभी इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करें। भाजपा मंडल अध्यक्ष राज्यवर्धन कौशिक ने कहा कि योग से निरोगी काया एवं भरपूर ऊर्जा का संचार होता है। नए नए सकारात्मक विचार मन में आते है। कर्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्य, शिक्षक, शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने, योगासन करने के लाभ व फायदे के बारे में बताया।

**करें योग रहे निरोग : दुबे**

गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल सीपत व आयुर्वेद हॉस्पिटल सीपत में भी योग दिवस मनाया गया। इस दौरान कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दुबे सिंह कश्यप, उपसरपंच श्रीमती प्रमिला देवी सिदार, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ अरुण सिंह, कन्या स्कूल प्राचार्या एबी कुजूर सहित स्कूल के शिक्षक व बच्चे शामिल हुए। दुबे सिंह ने कहा कि करें योग रहे निरोग। आयुर्वेद चिकित्सक डॉ अरुण सिंह ने भी स्वस्थ्य व समृद्ध भारत के निर्माण में योग को नित्य प्रतिदिन अपने जीवनशैली में अपनाने सभी से आह्वान किया।

### डीएवी विद्यालय परसदा वेद में कार्यक्रम



**मस्तूरी।** डीएवी विद्यालय परसदा वेद में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत विशेषज्ञ योग प्रशिक्षक योगिता पांडे द्वारा आयोजित योग सत्र में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया। विद्यालय प्राचार्य श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव ने कहा, ऱ्योग हमारे जीवन का अहम हिस्सा होना चाहिए। यह न केवल हमारे शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि हमारे मन को भी शांत करता है।

### सेंट जोसेफ हायर सेकेंडरी स्कूल भनेशर में मना योग दिवस



**मस्तूरी।** विश्व योग दिवस पर शुक्रवार को सेंट जोसेफ हायर सेकेंडरी स्कूल भनेशर में योग दिवस मनाया गया। जिसमें 7सीजी बटालियन के कमान अधिकारी अमिताभ श्रीवास्तव, एडम अफसर लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव कुमार राय भी शामिल हुए। जिसमें संस्था के सचिव फादर जोबी, प्राचार्य फादर प्रमोद बड़ा, शिक्षक पीटर फिलप डे, ऋषि कुमार उपाध्याय, एनसीसी अधिकारी महेंद्र सिंह, मैत्री सर, संजय कुमार श्रीवास, बसंत कुमार चंद्राकर, साहू सर, एमएल साहू, आशा, नीलम क्रिकेटर, सुश्री वेलांगनी, रश्मि मैथ्यू, श्रीमती पाल, चंद्रलेखा चंद्राकर, जिवेश सिह, अखिलेश चंद्राकर, श्रीमती निशा बारा एवं एनसीसी कैडेट, 66 छात्र मिलकर योग दिवस को सफलत बनाया।

### योग अंतरात्मा से मिलने का जरिया, दिनचर्या में करें शामिल



**सीपत।** अंतर्राष्ट्रीय विश्व योग दिवस पर सुनील शिक्षण संस्थान में योग का आयोजन किया गया। बच्चों ने जोश व उत्साह के साथ योगाभ्यास किया एवं उसके फायदे के बारे में जाना। उपस्थित बच्चों ने प्राणायाम करके ध्यान एकाग्र करने की क्षमता को विकसित किया। संचालक सुनील निर्मलकर ने पहला सुख निरोगी काया के महत्व को बताते हुए कहा कि जीवन में सभी को योग को अपनाना चाहिए। योग से तन मन स्वस्थ्य रहता है व स्वस्थ्य शरीर में अच्छी बुद्धि वास करती है। योग के माध्यम से शरीर के सामंजस्य को ठीक रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि योग हमारे अंतरात्मा से मिलने का जरिया है। योग हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है।

## खबर संक्षेप

### गड्ढे में गिरकर व्यापारी का हाथ टूटा

**बिलासपुर।** नगर निगम ने नाला निर्माण के नाम पर कश्यप कॉलोनी की सड़क खोद दी है। इसके



अलावा रोड में मेन होल को ठीक से ढंका नहीं गया है। शुक्रवार को कश्यप कॉलोनी निवासी व्यापारी नरेंद्र कुमार चेलानी 54 वर्ष सुबह 9 बजे दुकान जाने के लिए घर से निकले। इस बीच गली नंबर तीन के पास उनकी गाड़ी स्लीप हो गई और वे खुले चेंबर के गड्ढे में गिर गए। उनका मोबाइल भी उस में गुम हो गया। आसपास के लोगों ने उन्हें गड्ढे से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। जांच के बाद डॉक्टरों ने बताया कि चोट लगने के कारण उनकी हाथ की हड्डी टूट गई है। जांच के बाद उनके हाथ में प्लास्टर बांध गया।

### बस में यात्री पर ब्लेड से हमला, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** मोपका सरकंडा निवासी प्रदीप साहू पिता सुनउ राम साहू 29 वर्ष टाईल्स मिस्त्री का काम करते हैं। वे 20 जून को बस से कोरबा पाली से बिलासपुर आ रहे थे। रात 8.10 बजे ग्राम सेंदरी के पास बस पहुंची। इस दौरान बस में सवार एक लड़के ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी और अपने हाथ में रखे ब्लेड से प्रदीप के गले पर वार कर दिया। उनके गले से खून निकलने लगा। बस में सवार अन्य यात्रियों ने बीच बचाव करते हुए युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में लड़के ने अपना नाम गौरव सोनी पिता स्व. अनूप सोनी बताया। घायल प्रदीप ने कोनी थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई।

### गौरव पथ में गड्ढा, बारिश होते ही मुसीबत

**बिलासपुर।** शहर के सबसे पॉश इलाके में शुमार गौरव पथ की हालत खराब है। मंगला चौक से महाराणा प्रताप चौक की ओर आने वाली सड़क पर जगह जगह सीवरेज के चैंबर गड्ढे बन चुके हैं। इन गड्ढों में बरसाती पानी भर रहा है, जिससे आम लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही है। कुछ ही दूरी पर निगम के अधिकारियों के बंगले भी हैं, इसके बावजूद निगम के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### जोन कार्यालय में बनने लगे प्रमाण पत्र

**बिलासपुर।** निगम के जोन कार्यालय में जन्म मृत्यु प्रमाण पत्रों का अंबार लग चुका है। आईडी की समस्या के चलते सभी जोन कार्यालयों में प्रमाण पत्र बनाने का काम महीनों से बंद था, लेकिन हाल ही में आईडी चालू कर दी गई है, जिसके बाद जोन कार्यालय में एक बार फिर आवेदन लिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि जोन कार्यालय के आपरेटर अब विकास भवन जाकर काम कर रहे हैं। वहीं मितान योजना के तहत काम करने वाले आपरेटर फील्ड से नदारद है।

### जबड़ापारा में सफाई नहीं मच्छर से लोग परेशान

**बिलासपुर।** सरकंडा क्षेत्र में लंबे समय से नाले नालियों की साफ सफाई नहीं की गई है। जबड़ापारा, बंगालीपारा, चांटीडीह और अन्य क्षेत्रों में निगम के सफाई कर्मचारी सफाई करते नहीं दिखते। हालत ये है कि नालियां बजबजा रही है और लोग मच्छर से हलाकान हो चुके हैं। खास बात यह है कि वार्ड पार्षद भी इसे लेकर गंभीर नहीं हैं, वहीं निगम के अधिकारी भी मौके पर नहीं पहुंच रहे हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

**काम कम कमीशन ज्यादा**

**खराब परफार्मेंस के बाद भी करते रहे भुगतान, दो साल का एक्सटेंशन भी दिया, अब ठेका खत्म**

# निगम से भी कम वसूली की और 7 साल में 15 करोड़ कमीशन ले गई 'स्पैरो'

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खराब परफार्मेंस चलते नगर निगम ने टैक्स वसूली का काम करने वाली निजी कंपनी स्पैरो का ठेका खत्म कर दिया है। स्पैरो कंपनी को ठेका देने से टैक्स वूसली का प्रतिशत तो नहीं बढ़ा लेकिन मोटा कमीशन देने से नगर निगम को भारी नुकसान हुआ। स्पैरो ने पिछले सात सालों में लगभग पौने दो सौ करोड़ टैक्स वसूली की और कमीशन के रूप में 15 करोड़ से अधिक की कमाई की है।

स्पैरो कंपनी को ठेका दिए जाने के पहले निगम के राजस्व अमला द्वारा 65 से लेकर 85 प्रतिशत टैक्स वसूली की जाती थी। लेकिन उसके बाद भी नगर निगम द्वारा निजी कंपनी को टैक्स वसूली का ठेका दे दिया गया। निजी ठेका कंपनी को टैक्स वसूली का काम देने के बाद भी टैक्स वसूली के प्रतिशत में कोई बहुत ज्यादा इजाफा नहीं हुआ। स्पैरो कंपनी का वसूली प्रतिशत भी निगम के




राजस्व अमले के वसूली प्रतिशत के आसपास ही रहता था। इसके बावजूद ठेका कंपनी को हर साल करोड़ों रुपए कमीशन के रूप में भुगतान किया जा रहा था। इससे नगर निगम को हर साल राजस्व का नुकसान भी हो रहा था। अनुबंध शर्तों के अनुसार टैक्स वसूली पर 7.15 प्रतिशत कमीशन स्पैरो कंपनी को मिलता था और 90 फीसदी वसूली नहीं करने पर कमीशन की 10 प्रतिशत राशि नगर निगम द्वारा होल्ड की जाती थी। इस साल का अभी हिसाब-किताब चल रहा है, किन्तु इस बार ठेका कंपनी का लगभग 6 करोड़ रुपए कमीशन का बना है। इस तरह से देखा जाए तो पिछले सात सालों में स्पैरो ने कमीशन के रूप में 15 करोड़ से अधिक की कमाई की है।

### ठेका कंपनी की वसूली पर कमीशन

- वर्ष 2017-18 — 1 करोड़ 26 लाख
- वर्ष 2018-19 — 1 करोड़ 65 लाख
- वर्ष 2019-20 — 1 करोड़ 72 लाख
- वर्ष 2020-21 — 2 करोड़ 9 लाख
- वर्ष 2021-22 — 2 करोड़ 8 लाख
- वर्ष 2022-23 — 1 करोड़ 92 लाख
- वर्ष 2023-14 — 1 करोड़ 94 लाख
- वर्ष 2024-25 — हिसाब बाकी

### पिछले वित्तीय वर्ष में 30 करोड़ की वसूली

प्रापर्टी समेत समेकित, बाजार आदि टैक्स वसूली में निजी ठेका कंपनी स्पैरो फिसड्डी साबित हुई है। स्पैरो ने शहर में करीब 60 प्रतिशत टैक्स वसूली की है। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 55 करोड़ 5 लाख टैक्स वसूली का टारगेट स्पैरो कंपनी को दिया गया था। इसमें से 31 मार्च की स्थिति में स्पैरो द्वारा सालभर में 30 करोड़ 47 लाख की टैक्स वसूली की गई है।

### नए एरिया में निगम ने की ज्यादा वसूली

निगम में शामिल नए एरिया में नगर निगम के राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा टैक्स वसूली का काम किया जाता है। निगम के नए एरिया के लिए कुल 26 करोड़ 34 लाख 93 हजार टैक्स वसूली का टारगेट रखा गया था, जिसमें से निगम कर्मियों ने 86 फीसदी मतलब 22 करोड़ 73 लाख टैक्स वसूली की है। इस तरह से ठेका कंपनी से निगम के राजस्व अमला द्वारा अधिक टैक्स वसूली की गई।

### एआरआई के जरिए करेंगे टैक्स वसूली

नगर निगम द्वारा अब एआरआई के जरिए सीधे टैक्स वसूली की जाएगी, इसके लिए साफ्टवेयर की टेस्टिंग भी चल रही है। स्पैरो कंपनी का ठेका समाप्त हो गया है। इससे कमीशन के रूप में लगभग 6 करोड़ रुपए सालाना नगर निगम का बचत होगा।

**-अमित कुमार**, कमिश्न, नगर निगम

**शहर में रिकार्ड बिजली ठप से आक्रोश, टैरिफ का विरोध**

# खस्ताहाल बिजली तंत्र के विरोध में प्रदर्शन लालटेन लेकर कांग्रेसियों ने किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही बेतहाशा बिजली कटौती को लेकर आम और खास दोनों हलाकान हो चुके हैं। रोजाना घंटों बिजली बंद हो रही है। स्टाफ की कमी, संसाधन की कमी और गुणवत्ता विहीन उपकरणों के उपयोग के चलते बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। इसी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को हल्ला बोल कर दिया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी की अगुवाई में सैकड़ों कांग्रेसियों ने तिफरा स्थिति सीई कार्यालय का घेराव कर दिया और जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसी हाथ में लालटेन लिए और बिजली कंपनी के रवैये के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

- **सीई कार्यालय के गेट पर बैठे कांग्रेसी**

बिजली की आंख मिचौली से शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का हाल बेहाल है, दूसरी ओर कंपनी ने जुलाई माह से नए टैरिफ लागू करने की घोषणा कर दी है, जिससे आम उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। इसी समस्या को लेकर आला अधिकारियों तक जनता की आवाज पहुंचाने कांग्रेसियों ने जमकर प्रदर्शन किया।



**घंटों चला प्रदर्शन:** बिजली विभाग और सरकार के खिलाफ कांग्रेसियों के प्रदर्शन में आम लोग भी शामिल हुए। धरना प्रदर्शन में कांग्रेसियों ने हाथ में लालटेन लेकर विरोध दर्ज कराया। राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। तकरीबन दो घंटे तक कांग्रेसियों ने मुख्य गेट के सामने प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, राजेन्द्र शुक्ला, लक्ष्मी नाथ साहू, ऋषि पाण्डेय, हरमेन्द्र शुक्ला, समीर अहमद, झगरराम सूर्यवंशी, सीमा घृतेश, अमित यादव, रमाकांत साहू, गीतांजलि कौशिक,आदित्य दीक्षित ,कन्हैया गंधर्व , बिहारी देवांगन , झागर राम सूर्यवंशी, रमेश सूर्या, राकेश शर्मा, महेश दुबे, जगदीश कौशिक, पवन साहू, पार्षद पुष्पेंद्र साहू, रवि साहू, सूरज नेताम, रामा बघेल, मनहरण कौशिक अन्य लोग मौजूद रहे।

बिजली कटौती के विरोध में ब्लॉक स्तर पर कांग्रेसियों के विरोध प्रदर्शन के बाद विद्युत मंडल मुख्यालय के उच्च अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा और समस्या के निदान की मांग की। कांग्रेसियों ने कहा कि 1 जुलाई से प्रति यूनिट पंद्रह से बीस पैसे की वृद्धि बिजली के दरों में होने जा रही है, जिसका सीधा भार आम उपभोक्ता, व्यापारी और नौकरी पेशा लोगों पर पड़ेगा। जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि बिजली उत्पादन और वितरण की दृष्टि से छत्तीसगढ़ सरप्लस राज्य है। राज्य की बिजली से मध्यप्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र सहित देश के कई हिस्से रोशन हो रहे हैं, लेकिन यहां की जनता को ही अंधेरे में रात गुजारना पड़ रहा है। सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा उपभोक्ता और किसानों भुगतना पड़ रहा है। राज्य में औद्योगिक निवेश के लिए अन्य राज्यों के उद्योगपतियों के आकर्षित होने का एकमात्र कारण सरप्लस बिजली है। बिजली सरप्लस होने के बाद भी ना तो आपूर्ति सही ढंग से हो रही है और ना ही औद्योगिक प्रतिष्ठान पूरी क्षमता से काम कर पा रहे हैं। औद्योगिक संस्थानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि भीषण गर्मी में बिजली बंद होने से वृद्ध, बच्चों की हालत खराब हो रही है। मेयर राम शरण यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही रायपुर स्थित स्टोर में ट्रांसफार्मर अग्नि कांड होना एक रणनीति है।

### पिछली सरकार में बिजली बिल हाफ

कांग्रेसियों ने अधिकारियों से कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार के समय लोगों को राहत देने बिजली बिल हाफ योजना लाई गई। इससे लोगों को राहत मिली। बिजली आपूर्ति व्यवस्था भी दुरूस्त थी। सभी उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक हाफ बिजली बिल का फायदा भी हुआ, लेकिन भाजपा सत्ता आते ही अघोषित बिजली बंद शुरू हो चुकी है। बिजली की कटौती भाजपा सरकार की रणनीति का एक हिस्सा है। उन्होंने आरोप लगाया कि रेल या अन्य उपक्रमों की तर्ज पर छत्तीसगढ़ बिजली बोर्ड को भी निजी हाथों में सौंपने का प्रयास किया जा रहा है।

### टैरिफ को लेकर भी विरोध

बिजली बंद के विरोध में कांग्रेस के सदस्यों ने कुछ समस्या बताई है। उनका विरोध टैरिफ की बढ़ोतरी को लेकर भी था। हमने ज्ञापन लेकर उच्च अधिकारियों की ओर प्रेषित किया है। जहां बंद की समस्या आ रही है, वहां के अधिकारियों को त्वरित सुधार के लिए निर्देशित किया जा चुका है।

**-एके धर**, चीफ इंजीनियर, विद्युत विभाग

**फर्जी दस्तावेज के सहारे कोर्ट से कराया आदेश**

# फर्स्ट फाइनेंस कंपनी के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फाइनेंस कंपनी के अधिकारियों ने फर्जी दस्तावेज के सहारे उसलापुर में रहने वाले अधिवक्ता के मकान में कब्जा का आदेश कोर्ट से ले लिया। इसकी जानकारी होने पर अधिवक्ता ने न्यायालय में परिवाद पेश कर फाइनेंस कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ जुर्म दर्ज करने की मांग की। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने फाइनेंस कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

- **कोर्ट के आदेश पर सिविल लाइन थाने में एफआईआर दर्ज**

सिविल लाइन पुलिस ने बताया कि उसलापुर के प्रकृति विहार में रहने वाले अमित कुमार वर्मा अधिवक्ता हैं। उन्होंने बिल्डर के माध्यम से प्रकृति विहार में मकान लिया था। बिल्डर के माध्यम से फर्स्ट फाइनेंस कंपनी से मकान के लिए 7 लाख 50 हजार का लोन लिया था। मकान का कब्जा उन्हें नहीं मिला था इससे पहले ही उनके बैंक खाते से ईएमआई की रकम काटी जाने लगी। इस बीच उन्होंने निर्माण संबंधी कमियों के लिए एसपी कार्यालय में शिकायत की। साथ ही उपभोक्ता फोरम में परिवाद पेश किया। न्यायालयीन प्रक्रिया के बीच वे 6 महीने का ईएमआई जमा नहीं कर पाए। वे इस राशि को बैंक में जमा करने के लिए तैयार भी थे। इसी बीच फाइनेंस कंपनी के मैनेजर आदर्श अभिषेक और त्रिशूल सोमान ने फर्जी दस्तावेज पेश कर न्यायालय से मकान में कब्जे का आदेश पारित करा लिया। मामले की जानकारी होने पर अधिवक्ता ने न्यायालय में परिवाद दायर कर फाइनेंस कंपनी के मैनेजर और अधिकारी के खिलाफ जुर्म दर्ज कराने मांग की। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने फाइनेंस कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

### कोलकाता के अखबार में प्रकाशित कराई सूचना

फाइनेंस कंपनी के मैनेजर और अधिकारी ने न्यायालय में फर्जी दस्तावेज पेश करने के साथ ही फर्जी नाम से 500 का स्टांप भी खरीदा। इसके साथ ही उन्होंने कोलकाता में प्रकाशित होने वाले अखबार में कोर्ट आदेश के बाद सूचना का प्रकाशन कराया। जबकि प्रार्थी बिलासपुर में रहता है। ऐसे में इसकी जानकारी नहीं होने के कारण अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित नहीं हो पाए। बाद में जब फर्जी दस्तावेज से आदेश परित कराने की जानकारी हुई तो न्यायालय में मामला दर्ज हुआ।

# नशे का कारोबार करने वाले मां-बेटे सहित 3 आरोपियों को 15 साल कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मिनी बस्ती में नशे का कारोबार चलने वाले मां-बेटे सहित 3 लोगों को एनडीपीएस एक्ट विशेष न्यायाधीश किरण त्रिपाठी ने 15 साल की कैद और 4 लाख 50 हजार रूपए का जुर्माना लगाया है। सिविल लाइन पुलिस को 28 मार्च 2023 को जरहाभाठा स्वराज कबाड़ी दुकान के पास नशे का इंजेक्शन बेचने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची टीम ने वहां मिनी बस्ती निवासी जोगनी कुर्रे पति स्व. छन्नू कुर्रे 42 वर्ष के पास से 12 नग बुप्रेनोरफिन युक्त आईपी इंजेक्शन और मनीषा टंडन पति स्व.धर्मेंद्र टंडन 22 वर्ष के पास से 19 नग बुप्रेनोरफिन युक्त आईपी इंजेक्शन जब्त किया था। जांच के दौरान जोगनी कुर्रे के बेटे अक्षय कुर्रे 25 वर्ष को भी मामले में शामिल होना पाया गया, जिसके बाद उसे भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। तात्कालीन टीआई परिवेश तिवारी के निर्देश पर सिविल लाइन थाने के एएसआई अवधेश सिंह ने मामले की विवेचना कर कोर्ट में चलान पेश किया। सुनावाई के बाद एनडीपीएस एक्ट विशेष न्यायाधीश किरण त्रिपाठी ने धारा 22 सी, धारा 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत जोगनी कुर्रे, मनीषा टंडन और अक्षय कुर्रे को 15-15 वर्ष का कठोर कारावास दिया है। साथ ही प्रत्येक आरोपी पर 1.5-1.5 लाख अर्थदण्ड लगाया। यदि आरोपी अर्थदंड नहीं पटाने तो इसपर अतिरिक्त 6 माह की सजा का प्रावधान किया है।

- **कोर्ट ने 4.5 लाख का अर्थ दंड भी लगाया**

### एनडीपीएस एक्ट में लगातार हो रही कार्रवाई

एनडीपीएस एक्ट के तहत अवैध नशे का कारोबार करने वालों पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसके साथ ही कोर्ट में चलान पेश करने पर पर्याप्त सबूत पाए जाने पर कोर्ट भी अब इन्हें सजा सुना रही है। एक सप्ताह पहले भी जरहाभाठा मिनी बस्ती निवासी सर्वेश मनहर उर्फ कोंदा को एनडीपीएस एक्ट के तहत कोर्ट ने 15 साल की सजा और 1.5 लाख रूपए का जुर्माना लगाया है। मिनी बस्ती के अलावा तालापारा, मसानगंज, चांटीडीह सहित शहर के कई स्लम इलाकों में नशे का कारोबार अभी भी फल फूल रहा है। नशे का धंधा करने वालों पर लगातार सख्त कार्रवाई होने से इस कारोबार पर नकले कसेगी और अपराध भी कम होगा।

### स्वच्छता अभियान की समीक्षा

**बिलासपुर।** स्वच्छता अभियान की मिशन संचालक और राज्य सलाहकार चंदन संजय त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें बिलासपुर संभाग के समस्त जिले के जिला समन्वयक, ब्लॉक कोर्डिनेटर, क्लस्टर कॉर्डिनेटर, बिलासपुर जिले के समस्त जनपद सीईओ, एसडीओ की समीक्षा बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। इसमें जिला पंचायत सीईओ राम प्रसाद चौहान भी मौजूद थे। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत समस्त स्वीकृत कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने व कार्यों के पूर्ण होने के बाद उनके संचालन के लिए कार्ययोजना बनाने निर्देशित किया गया।

# पति ने पैर दबाने में देरी की तो नाराज पत्नी ने लगाई फांसी

**बिलासपुर।** तबीयत खराब होने पर पत्नी ने पति को पैर दबाने कहा। पति घर के दूसरे कामों में व्यस्त था, इससे नाराज पत्नी ने साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली।

तोरवा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार तोरवा क्षेत्र की देवरीडीह निवासी सुशीला साहू पति भूपेंद्र साहू 24 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस की पूछताछ में परिजन ने बताया कि बलौदाबाजार जिले के ग्राम मोहतरा निवासी भूपेद्र साहू और भटगांव की सुशीला 2018 में मिले थे। दोनों बिलासपुर में गवर्मेंट जॉब की तैयारी कर रहे थे। दोनों में प्यार हुआ और शादी कर बिलासपुर में ही रहने लगे। गुरूवार की रात 9 बजे तबियत खराब होने की बात कहते हुए सुशीला ने भूपेद्र को पैर दबाने कहा, इस पर भूपेद्र ने बर्तन धोने के बाद पैर दबाने की बात कही। इसी बात से नाराज सुशीला अपने कमरे में चली गई। बर्तन धोने के बाद भूपेद्र अपने 3 साल के बेटे को सुलाते हुए खुद सो गया। ऐसे में रात दो बजे सुशीला ने साड़ी का फंदा बना फांसी लगा ली। आवाज होने से अचानक भूपेद्र की नींद खुली उसने आनन-फानने में सुशीला को नीचे उतारा और तोरवा के लाइफ केयर हॉस्पिटल ले गया। यहां डॉक्टरों ने सुशीला को मृत घोषित कर दिया।

### गांव में नहीं करेंगे अंतिम संस्कार

पुलिस की पूछताछ में परिजन ने बताया कि दोनों अलग-अलग जाति के हैं। ऐसे में लव मैरिज करने के चलते गांव में सुशीला का अंतिम संस्कार नहीं हो पाएगा। पंचनामा कार्रवाई और पीएम के बाद बिलासपुर के तोरवा क्षेत्र के मुक्तिधाम में परिजन ने अंतिम संस्कार करने की बात कही।

# आसमानी बिजली का कहर, रातभर फाल्ट खोजते रहे कर्मचारी

**बिलासपुर।** शुक्रवार को बिजली की गड़गड़ाहट से 220 और 33 केवी सबस्टेशनों में दिक्कतें आ गई, जिसके चलते शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बंद रही। इस दौरान बिजली कर्मचारी रात भर फाल्ट खोजते रहे। शुक्रवार की शाम झमाझम बारिश और बिजली चमकने के चलते बिजली लाइनों में एक के बाद एक फाल्ट आने लगे। इस दौरान मोपका 220 केवी सबस्टेशन और बिरकोनी, सिलपहरी जैसे 33केवी सबस्टेशन में जमकर खराबी आई। इंश्युलेटर ब्रस्र्ट होने और जम्पर कटने के कारण बिजली बंद रही। वहीं तोरवा क्षेत्र में बिजली के तार टूटने से 3 घंटे बिजली बंद रही। बताया जा रहा है कि देखरीखुर्द और तोरवा क्षेत्र में सभी फीडर चालू करने में बिजली अधिकारियों को 4 घंटे से अधिक का समय लग गया। इस दौरान पश्चिमी डिवीजन के अंतर्गत मंगला, शेफर्ड स्कूल, लोधीपारा जैसे जगहों पर बिजली की समस्या आई और बिजली कर्मचारियों के साथ ही अधिकारियों ने भी फील्ड में रहकर फाल्ट दुरूस्त कराया। मोपका और राजकिशोर नगर के बीच आई खराबी के चलते राजकिशोर नगर में घंटों बिजली बंद रही।






# योग से तनाव, रोग एवं विकारों से मुक्त होने में मिलती है मदद

## आदर्श कृषि उपज मंडी परिसर में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का किया गया



**मुंगेली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला मुख्यालय स्थित आदर्श कृषि उपज मंडी परिसर में स्वयं और समाज के लिए योग की थीम पर जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रातः 7 बजे से आयोजित कार्यक्रम में विधायक पुन्नूलाल मोहले, कलेक्टर राहुल देव, डीएफओ संजय यादव, अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वय विवेक शुक्ला, पंकज पटेल, जिपं सीईओ प्रभाकर पाण्डेय सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक विवेक केशरवानी ने कपालभाति, अनुलोम, विलोम सहित आसन, प्राणायाम एवं ध्यान की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास कराया। मुख्य अतिथि विधायक श्री मोहले ने कहा कि योग से तनाव, रोग एवं विकारों से मुक्त होने में मदद मिलती है। नियमित योग व व्यायाम से स्वस्थ तन-मन एवं मस्तिष्क का विकास होता है। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर गिरीश रामटेके, अजीत पुजारी, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक एपी गौतम, जनपद पंचायत मुंगेली के उपाध्यक्ष पवन पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष शैलेष पाठक सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, मोहन भोजवानी मौजूद रहे।

## आर्ट आफ लिविंग ने योग की बारीकियों को बताया, विभिन्न आसनों का कराया अभ्यास



**तखतपुर।** नगर पालिका और जनपद पंचायत तखतपुर के संयुक्त तत्वावधान में कृषि उपज मंडी परिसर में दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आर्ट आफ लिविंग परिवार के मनीष सोनी ने योग की बारीकियों को बतलाया तथा उपस्थित जनसमुदाय को अनुलोम-विलोम, कपाल भांति, भ्रामरी प्राणायाम, तितली आसन, वृक्षासन सहित अन्य अनेक योगासन एंव ध्यान कराया। इस अवसर पर भाजपा महामंत्री प्रदीप कौशिक ने कहा कि -स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू ने भी योग के महत्व को बतलाया। नपा उपाध्यक्ष वंदना बाला सिंह ने उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष अमरीका कृष्ण कुमार साहू, गली राम प्रजापति, उपेन्द्र खुराना, परवेज भारमल, नैन लाल साहू, शिव देवांगन, ओंकार सोनी, ईश्वर देवांगन, पार्षद प्रतिभा काशी देवांगन, कैलाश देवांगन,पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती नूरीता कौशिक, मालती यादव, श्यामा रामानंदी,लता कश्यप, कमला क्षत्री,शांति साहू, विश्व नाथ यादव, तिलक देवांगन,राकेश तिवारी, प्रताप कुकरेजा, काशी देवांगन, रामावतार साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

## कबीर भवन में योग से होने वाले लाभ के विषय में दी गई जानकारी



**लोरमी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मैत्री लेडिस क्लब की महिलाओं ने नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अंजना दास के निवास पर योग के विभिन्न आसन कर होने वाले लाभ के विषय में जानकारी दी गई। इस अवसर पर अंजना दास, प्रेमा अग्रवाल, पूजा गुप्ता, लीना सलूजा, अमरजीत, इंद्राणी, लता, सरोजनी, नेहा, अंजलि, सविता, ममता, साक्षी, सत्यभमा व अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर निकाय स्तर पर कबीर भवन में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में योग प्रशिक्षक गणेश प्रसाद कुलमित्र द्वारा योगाभ्यास कराया गया। प्रोजेक्टर के माध्यम से उपमुख्यमंत्री अरूण साव द्वारा योगाभ्यास व ₹स्वच्छ मन स्वच्छ शहर₹ के संबंध में उद्बोधन का प्रसारण किया गया। जिसमें निकाय के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व मुख्य नगरपालिका अधिकारी लालजी चंद्राकर, उपअभियंता मयंक साहू, राजस्व अधिकारी मनोज जायसवाल, कमलाकांत, श्रवण ध्रुव, भुपेन्द्र वैष्णव, ओंकार श्रीवास, सतीश शर्मा, इंदू गोस्वामी, रूखमणी राठौर, रमेश जायसवाल, स्वच्छता दीदी, प्लेसमेंट, कमाण्डो कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत ने मंगल भवन में योग के विभिन्न आसनों के महत्व को बताया



**मल्हार।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को योग के विभिन्न आसनों के महत्व बताकर प्रतिदिन योग करने की बात कही गई। नगर पंचायत द्वारा मंगल भवन में कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें योगाचार्य दिलीप पांडेय ने योग के विभिन्न आसनों के स्वास्थ पर होने वाले प्रभाव को बताया। कार्यक्रम में सीएमओ किरण पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कैवर्त व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम अधिकारी करुणेश नापित ने पर्यावरण के लिए आवश्यक पेड़ पौधों की महत्ता बताया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुढ़ीखार में स्कूली बच्चों के अलावा शिक्षकों व ग्रामीणों ने योग कर स्वस्थ रहने के गुर सीखे। सरपंच गोमती भैना, शाला विकास समिति के सदस्य बालमुकुंद वैष्णव, प्राचार्य काशीराम रजक ने कहा कि योग से स्वास्थ्य एवं बुद्धि का विकास होता है। इस अवसर पर रूपचन्द महिलांगे, प्रधान पाठक बीरबल थवाईत, किरण राय, जोत्सना सोनी, श्वेता सैमुअल, कु श्याम यादव, रमेश कुमार कुर्रे, अनोद कैवर्त, कमलेश्वर सुमन, मिथिलेश सोनी, अभिषेक खूंटे, शैलेंद्र सिंह, दिलीप केवट, संदीप जांगड़े, लक्ष्मण भैना, पंचूराम कैवर्त सहित अन्य शामिल हुए।

## नियमित योग ध्यान से मानव शरीर में नैसर्गिक ऊर्जा का होता है संचार



**पथरिया।** विश्व योग दिवस के अवसर पर ब्लाक मुख्यालय सहित नगर और ग्रामीणों क्षेत्रों में योग अभ्यास किया गया। योग शिक्षक रोहित ठाकुर ने योग की विधि और उससे होने वाले लाभ को विस्तार से बताते हुए योगाभ्यास सम्पन्न कराया। कार्यक्रम के आखिर में जनपद अध्यक्ष के प्रतिनिधि रिंकू सिंह ने शासन के द्वारा निर्धारित संकल्प पत्र का वाचन कराया। भाजपा जिला महामंत्री निश्छल गुप्ता, मंडल अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा ने कहा कि योग अभ्यास वह विधि है जिससे मानव शरीर को नैसर्गिक सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। नपं सीएमओ अमरेश सिंह नेमणिकांचन केंद्र में स्वच्छता मितानिनों के साथ योग अभ्यास किया। ग्राम पंचायत हथनिकला में सरपंच राजेश्वरी सन्तु सिंह, ढोतमा में सरपंच संतोषी संतोष साहू, बरछा में सिया साहू, रौनाकपा में सरपंच राजेश्वर, गोइन्द्री में सरपंच अरुण साहू के नेतृत्व में ग्रामीणों ने योग किया। ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम में एसडीएम बीआर ठाकुर, जनपद सीईओ प्रधान, महिला बाल विकास अधिकारी रेखा दुआ, जगदीश वर्मा, भावेश गुप्ता, रघुनन्दन कर्माकर, गणेश सोनी, मनोज पांडेय, बलराम जायसवाल, गोपाल डनसेना, जसपाल छाबड़ा, भरत साहू आदि मौजूद रहे।

## अटल सभागार में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किया योग



**पेंड्रा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन नगर पालिका परिषद पेंड्रा के आजाद चौक स्थित सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका परिषद पेंड्रा के वरिष्ठ पार्षद राकेश चतुर्वेदी के उपस्थिति में योग दिवस कार्यक्रम किया गया। पार्षद राकेश चतुर्वेदी द्वारा बताया गया कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए हमारे तन और मन का स्वस्थ होना बहुत जरूरी है। जो सिर्फ प्रतिदिन के योग से ही सम्भव है। स्वस्थ मन में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। जब हम योग करते हैं तो मांसपेशियों में खिंचाव, मरोड़, मरोड़ और खिंचाव जैसी कई क्रियाएं होती हैं। इससे हमारे शरीर की थकान दूर होती है और हम हमेशा तरोताजा महसूस करते हैं। यदि आप नियमित रूप से योग करते हैं तो आपके शरीर में ऊर्जा का संचार होगा।कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी कन्हैयालाल निर्मलकर, उप अभियंता स्वप्निल मिश्रा, राहुल यादव, लोकेश पटेल, श्रवण यादव, उत्तम जैतवार, नितिन शर्मा, दीपक पाठक, सुशील श्रीवास्तव, संतोष कोल, मेघ सिंह मरकाम, सरोज भारिया, अनिता, स्वछता दीदियां उपस्थित रहीं।

## विश्व हिंदू परिषद, मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी की सदस्यों ने किया योग



**पेंड्रा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मातृशक्ति व दुर्गावाहिनियों के द्वारा योग दिवस मनाया गया। जिसमें जिला उपाध्यक्ष सरोज पवार, जिला सह संयोजिका मीनू पांडे, जिला संस्कार प्रमुख विभा तिवारी, जिला सेवा प्रमुख पुष्प लता तिवारी, ग्राम पेंड्रा संयोजिका किरण पटेल, बाल संस्कर प्रमुख करुणा पटेल, सेवा प्रमुख रुखमणि तिवारी, रामेश्वरी धुर्वे, मरवाही प्रखंड से सुमन लता यादव, गिरिजेश गुप्ता, मीना गुप्ता, रामेश्वरी कोशलेश, सुनीता गुप्ता, हीरा चंद्रा एवं दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका वैशाली पांडे, सह संयोजिका आकांक्षा साहू, महाविद्यालय प्रमुख पायल वैष्णव, प्रखंड महाविद्यालय प्रमुख कशिश साहू, शिवानी साहू, साक्षी साहू आरती राठौर, संध्या राठौर, पीहू राठौर, तनु साहू, गौरेला प्रखंड संयोजिका निधि राठौर, सह संयोजिका रिया राठौर के द्वारा एवं नवागाव में नम्रता के द्वारा योग दिवस मनाया गया। विभिन्न खंड प्रखंड व ग्राम में जाकर योग की महत्ता को बताते हुए आने वाली पीढ़ी को संस्कार केंद्र से जोड़कर सभी केंद्रो में योग सिखाया गया। बताया गया कि योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ बनाता है, क्योंकि यह हमें रोगों से लड़ने की शक्ति देता है।

## सनाड्य कुर्मी क्षत्रिय समाज के सात दिवसीय शिविर का समापन



**दगोरी।** छत्तीसगढ़ सनाडय कुर्मी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष परमेश्वर कौशिक के मार्गदर्शन में सात दिवसीय योग शिविर का समापन हुआ। दसवीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रतिभागियों ने योग, यज्ञ के पश्चात प्राणायाम के महत्व को समझा। साथ ही सहभागिता प्रमाण पत्र समाज की ओर से प्रदान किया गया। जिसमें अध्यक्ष परमेश्वर कौशिक, महासचिव कृष्ण कुमार कौशिक, संरक्षक बलदाऊ कौशिक, विजय कौशिक सूबेदार मेजर अवकाश प्राप्त, प्रशिक्षक हेमंत कौशिक योगाचार्य सहित चकरभाठा कैंप के आसपास के अन्य समाज के लोगों ने भी अपनी उपस्थिति दी। कार्यक्रम में बताया कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग व्यायाम जरुरी होता है। स्वस्थ्य रहने के लिए नियमित रूप से योग करें तथा ज्यादा से ज्यादा पैदल चलें। योग को अलग-अलग नामों से पुकारा जाता है। इसे प्राणायान, योग, योग भी कहते हैं। योग योग की एक शाखा है। जहां बैठकर या बैठकर योगाभ्यास किया जाता है। एक आध्यात्मिक प्रक्रिया जहां शरीर, मन और आत्मा संयुक्त होते हैं (योग)) यह शब्द हिंदू धर्म, जैन धर्म और बौद्ध धर्म में ध्यान की प्रक्रिया से संबंधित है।

## जपं मरवाही ने सद्भावना भवन किया आयोजन, जुटे प्रशासनिक अफसर



**भर्रीडांड़।** जिले के मरवाही क्षेत्र में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मरवाही द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन सद्भावना भवन में किया गया। जिसमें अनुभाग्य राजस्व अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिलीप पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हर्षवर्धन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर पंचायत दुबे, भाजपा मंडल अध्यक्ष किशन सिंह ठाकुर, जिला महामंत्री गोविंद गुप्ता व सभी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम में जहां शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग की गतिविधि को करने के लिए योग गुरु विनोद राय, गायत्री परिवार के सदस्य शामिल हुए। वही मानसिक स्वास्थ्य, आत्मिक उन्नति के लिए ब्रह्माकुमारी दुर्गा बहन ने राजयोग की अनुभूति कराई। और कहा योग जहां शारीरिक स्वास्थ्य प्रदान करता है वही राजयोग मानसिक स्वास्थ्य के लिए अति आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जन समूह ने शांति पाठ, शपथ ग्रहण कर कार्यक्रम का समापन किया। यदि मानव शरीर को गंभीर जानलेवा बीमारी से दूर रखना है तो नियमित योगाभ्यास करना चाहिए। उन्होंने योग के फायदों को बताया।

## कोतरी में छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के साथ किया योगाभ्यास



**लोरमी।** ग्राम कोतरी में योग दिवस पर डीएवी विद्यालय में योग का आयोजन किया गया। शिविर में छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के साथ योग किया। इस मौके पर आर्ट ऑफ़ लिविंग के प्रशिक्षक हरजिंदर छाबड़ा, लीना छाबड़ा ने योगाभ्यास करवाया। कार्यक्रम की शुरूआत ऊं उच्चारण के साथ हुई। विद्यालय के प्राचार्य हिमांशु कुंअर ने योग के बारे में विस्तार से बताया तथा योग से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक फायदों को गिनाया। उन्होंने बताया कि योग न केवल हमारे शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है, बल्कि यह हमारे दिमाग को शांत रखने में भी मदद करता है। चिकित्सा अनुसंधान से पता चला है कि योग शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। योग तनाव से राहत देता है और बेहतर नींद लाता है। कार्यक्रम में छाबड़ा को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन चुन्नू लाल साहू, कार्यक्रम का संचालन डॉ.रूपेंद्र तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शाला के प्रीति तम्बोली, स्वप्निल बघेल, रोहित साहू, कौशल गुप्ता, रोशनी राजपूत, रचना सिंह शिक्षक, शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित थे।

